कार्तिक कृष्ण - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 108 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 11-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत





5 दिवाली ही नहीं होली में भी हम देंगे निशुल्क गैस सिलेंडर : योगी आदित्यनाथ

शुभ दीपावली

7 भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर मप्र में कांग्रेस सरकार गिराई थी : राहुल गांधी



## फर्स्ट टेक

### संसद के शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली/वार्ता।** संसद के शीतकालीन सत्र के चार दिसंबर से शुरू होने संबंधी अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी जिसके अनुसार 19 दिन का यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सत्रहवीं लोकसभा का चौदहवां सत्र चार दिसंबर से शुरू होगा, जिसके 22 दिसंबर तक चलने की संभावना है। उन्नीस दिनों के इस सत्र के दौरान सदन की 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में शीतकालीन सत्र की तिथियों की जानकारी देते हुए कहा था कि इस सत्र के दौरान विधायी कामकाज के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

### रूस का विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा

**मॉस्को/वार्ता/स्पूतनिक।** रूस राजनयिक माध्यमों से यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के प्रयासों के अभाव में अपना विशेष सैन्य अभियान जारी रखेगा क्योंकि मॉस्को के लिए अपना लक्ष्य हासिल करना महत्वपूर्ण है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा,रूस के लिए मुख्य बात अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यमों से समाधान के लिए आवश्यक शर्तों के अभाव में, हम विशेष सैन्य अभियान जारी रख रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, यूक्रेन को यह समझने की जरूरत है कि वह युद्ध के मैदान में जीत हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कीव द्वारा किसी भी समझौते को अस्वीकार करने के बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के बयान की भी सराहना की।

### हूती विद्रोहियों के हालिया हमलों के बाद युद्धग्रस्त यमन में इंटरनेट सेवा ठप

**दुबई/एपी।** युद्धग्रस्त राष्ट्र यमन में बृहस्पतिवार मध्यरात्रि को बिना किसी स्पष्टीकरण के इंटरनेट सेवा ठप हो गई। वेबसाइट पर निगरानी रखने वाली एक संस्था ने यह जानकारी दी। इंटरनेट सेवा बृहस्पतिवार मध्यरात्रि से बंद हुई और इसने यमननेट को प्रभावित किया, जिसपर अब यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों का नियंत्रण है। नेटब्लॉक (इंटरनेट ठप या बंद होने पर निगरानी रखने वाला समूह) और इंटरनेट सेवा कंपनी क्लाउडफ्लेयर दोनों ने ही इंटरनेट के बंद होने की जानकारी दी है। हालांकि दोनों ने ही इसके कारण की जानकारी नहीं दी। हूती और यमन दूरसंचार पदाधिकारियों ने इंटरनेट सेवा को बंद किए जाने पर किसी प्रकार की कोई तत्कालिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इंटरनेट सेवा बंद करने की पिछली घटना जनवरी 2022 में हुई थी।

| सूर्यास्त 11-11-2023 | सूर्योदय 12-11-2023 |
| --- | --- |
| 5:39 बजे | 6:06 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 64,904.68 | 19,425.35 |
| (+72.48) | (+30.05) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,353 रु. | 78,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ज्वलंत जनपीड़

दीपक है लाचार,
अमावस गहरी काली।
हुई खरीफ बेकार,
धान के कोठे खाली।
बढ़ा टेक्स का भार,
दिख रहे सभी सवाली।
मंहगाई की मार,
मने कैसे दीवाली।।

**भारत-अमेरिका के बीच 'टू प्लस टू' मंत्रिस्तरीय वार्ता का पांचवां संस्करण**

# किसी भी तरह की वैश्विक चुनौती की स्थिति से निपटने के लिए भारत और अमेरिका मिलकर करेंगे काम

**चीन, हिन्द प्रशांत, इजरायल-हमास और कनाड़ा के मुद्दों पर बात की भारत-अमेरिका ने**



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत और अमेरिका के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को यहां जेट इंजन बनाने , चीन, हिन्द प्रशांत क्षेत्र, इजरायल- हमास युद्ध , कनाड़ा और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढाने सहित विभिन्न मुद्दों के तमाम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ भारत तथा अमेरिका के बीच पांचवीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता की। वार्ता के बाद सिंह ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने के बारे में अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा उद्योग के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी और आपूर्ति शृंखला सुनिश्चित कर सहयोग का नया मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

डा जयशंकर ने कहा कि वार्ता के दौरान रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने , अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर आगे बढने तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढाने सहित रणनीतिक साझेदारी को पुख्ता करने पर व्यापक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने हिन्द प्रशांत , दक्षिण एशिया , मध्य एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढाने तथा अल्पविकसित देशों के संबंध में प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की गयी।

आस्टिन ने कहा कि वार्ता के दौरान देशों ने किसी भी तरह की वैश्विक चुनौती की स्थिति से निपटने के लिए विचारों के आदान प्रदान को महत्वपूर्ण बताते हुए साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर बल दिया।

### भारत व अमेरिका संयुक्त रूप से बख्तरबंद वाहनों का निर्माण करेंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग के तहत लड़ाकू वाहनों का सह-उत्पादन करेंगे। ऑस्टिन दिल्ली में 'टू प्लस टू' रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय विचार-विमर्श के बाद कुछ संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में ऑस्टिन के अलावा विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी शामिल थे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। ऑस्टिन ने कहा, हम बख्तरबंद वाहन के सह-उत्पादन के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और यह बेहद अहम है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि चीन से बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों सहित विभिन्न मुद्दों पर बैठक के दौरान चर्चा हुई।

### कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत कराया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंताओं से शुक्रवार को अमेरिका को अवगत कराया। भारत ने 'टू प्लस टू' विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में अपनी चिंताओं को रेखांकित किया। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक प्रेस वार्ता में कहा, हमने अपनी चिंताओं को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। क्वात्रा ने कहा, हमारी मुख्य चिंता सुरक्षा को लेकर है और मुझे यकीन है कि आप सभी हाल ही में एक ऐसे व्यक्ति के, सामने आए वीडियो से अवगत होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष नई दिल्ली की चिंताओं को समझता है।

**नौकरी के बदले भूमि घोटाला:**

## ईडी ने लालू प्रसाद के परिवार के 'सहयोगी' को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नौकरी के बदले भूमि घोटाले' से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव के कथित सहयोगी अमित कात्याल को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए जारी किये गए समन से कात्याल करीब दो महीनों से बच रहे थे।

ईडी के अधिकारियों ने उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दिल्ली से हिरासत में लिया।

## आयुर्वेद का समर्थन करना 'वोकल फोर लोकल' का जीवंत उदाहरण : मोदी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आयुर्वेद का समर्थनवोकल फोर लोकल होने का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्राचीन उपचार पद्धति ने इलाज के नए मार्ग प्रशस्त किए हैं। 'वोकल फोर लोकल' का मतलब स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना है। धनतेरस के दिन पड़ने वाले आयुर्वेद दिवस पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह उन नवप्रवर्तकों और चिकित्सकों को सलाम करने का अवसर है जो इस प्राचीन ज्ञान को आधुनिकता के साथ मिश्रित कर रहे हैं, आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

## ईडी ने हीरो मोटोकॉर्प के पवन कांत मुंजाल की 24.95 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों काउल्लंघन करते हुए विदेश में अपने निजी खर्च के लिए दूसरों के नाम पर जारी विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल किया। ईडी ने एक बयान में बताया कि उसने मुंजाल के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत उनकी 24.95 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली स्थित मुंजाल की तीन अचल संपत्तियों (भूमि) को धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है।

## येडीयुरप्पा के पुत्र विजयेंद्रा को भाजपा की कर्नाटक इकाई का प्रमुख बनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा के पुत्र बी वाई विजयेंद्रा को पार्टी की राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया। विजयेंद्रा की आश्चर्यजनक नियुक्ति लोगों पर दिग्गज लिंगायत नेता येडीयुरप्पा के प्रभाव की पार्टी नेतृत्व की स्वीकार्यता को रेखांकित करती है।

नलिन कुमार कटील की जगह लेने वाले विधायक विजयेंद्रा को कुशल संगठनात्मक नेता माना जाता है। येडीयुरप्पा के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जाने वाले विजयेंद्रा (47) की नियुक्ति के साथ ही कई महीनों से चल रही अटकलें समाप्त हो गईं। मई में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से ही उम्मीद की जा रही थी कि पार्टी के राज्य नेतृत्व में बदलाव होगा। इस बात की प्रबल संभावना थी कि भाजपा अपनी राज्य इकाई का प्रमुख किसी लिंगायत नेता को बनाएगी लेकिन परिवारवाद के मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए पार्टी ने पहली बार विधायक बने नेता को इस पद पर नियुक्त किया है। भाजपा अक्सर अन्य दलों पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। लेकिन इस नियुक्ति ने येडीयुरप्पा के राजनीतिक महत्व को उजागर कर दिया है कि चुनावी राजनीति से बाहर होने के बावजूद उनका प्रभाव कायम है। येडीयुरप्पा के बड़े पुत्र बी वाई राघवेंद्र लोकसभा के सदस्य हैं।

## धारा 377 को बहाल करने की सिफारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** संसद की एक स्थायी समिति ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को प्रस्तावित नई न्याय संहिता में बहाल किये जाने की सिफारिश की है जबकि उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ इसे संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के विरुद्ध करार दे चुकी है।

गृह मामलों पर विभाग-संबंधित संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य बृजलाल द्वारा शुक्रवार को यहां उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गयी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता के उद्देश्यों के मद्देनजर भारतीय दंड संहिता धारा 377 फिर से शामिल करना और बनाये रखना अनिवार्य है।

इस धारा में अप्राकृतिक यौन संबंधों को अपराध माना गया था और उसके विरुद्ध दंड के प्रावधान किये गये थे। इसको चुनौती देने वालों का कहना था कि इसकी वजह से समलैंगिक जोड़ों को समाज में अपराधी के रूप में देखा जाता है और उनके साथ भेदभाव का बर्ताव होता है। इसे एक संस्था ने गैर संवैधानिक करार देने के लिये 2001 में दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

समिति ने भारतीय न्याय संहिता 2023 संबंधी अपने 286 वें प्रतिवेदन में कहा है कि नवजोत सिंह जौहर बनाम भारत सरकार ( 2018) मामले में उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने सर्वसम्मति से माना कि धारा 377 संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन है, इसके बावजूद इस धारा के उपबंध वयस्कों के साथ असहमति वाले शारीरिक संभोग, नाबालिगों के साथ इस तरह के सभी कृत्यों और वहशीपनों के कृत्यों के मामले में लागू हैं।

समिति ने कहा, हालांकि, अब , भारतीय न्याय संहिता 2023 में पुरुष, महिला ,ट्रांसजेंडर के साथ असहमति वाले यौन अपराध और वहशिता के लिये कोई उपबन्ध नहीं किया गया है।



## देश की आंतरिक सुरक्षा पिछले नौ सालों में मजबूत हुई : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति मजबूत हुई है और कश्मीर में आतंकवाद को पूर्ण रूप से काबू करने में सफलता मिली है। यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के 62 वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले नौ सालों में देश की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पहले देश में तीन क्षेत्र - कश्मीर, वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र और पूर्वोत्तर का क्षेत्र 'हॉट स्पॉट' माने जाते थे।

शाह ने कहा, धारा 370 हटाने के बाद आज कश्मीर में आतंकवाद को पूर्ण रूप से काबू करने में हमें सफलता मिली है और मृत्यु तथा अन्य हिंसक घटनाओं की संख्या में 72 प्रतिशत की गिरावट आयी है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी हिंसक घटनाओं में 65 प्रतिशत की कमी आयी है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद में भी 80 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने सीमावर्ती गांवों में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम शुरू किया है जिससे न केवल वहां की जनसंख्या बनी रहे बल्कि उसमें वृद्धि भी हो। उन्होंने कहा, जब सीमा पर गांव खाली हो जाएंगे तो देश की सीमा की सुरक्षा में भी दिक्कत आएगी।

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद :**

### उच्च न्यायालय में कार्यवाही पर रोक लगाने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित मुकदमों पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और कहा कि दोनों पक्षों को सुने बिना उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। शीर्ष अदालत उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायलय ने मथुरा की एक अदालत के समक्ष लंबित विवाद से संबंधित सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। उच्च न्यायालय के 26 मई के आदेश को चुनौती देने वाली शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति की ओर से दायर याचिका न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। पीठ में न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने पीठ से उच्च न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा, 'दोनों पक्षों को सुने बिना, उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा।



# दिल्ली में रातभर बारिश से हवा हुई साफ, प्रदूषण से मिली राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर और धुंध से पिछले 10 दिन से परेशान दिल्लीवासियों को बृहस्पतिवार को रातभर हुई बारिश के कारण राहत मिली और राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में शुक्रवार को स्पष्ट सुधार देखा गया।

दिल्ली में शुक्रवार दोपहर एक बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 रहा जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। सुबह नौ बजे यह 376 और सात बजे यह 408 था। बृहस्पतिवार रात 11 बजे यह 460 था। हवा की गति अनुकूल होने के कारण वायु गुणवत्ता में और सुधार होने की उम्मीद है। एक्यूआई पिछले 24 घंटे के आंकड़ों का औसत होता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग




(आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे पिछले 24 घंटों में छह मिलीमीटर तथा सुबह साढ़े आठ और साढ़े 11 बजे के बीच 2.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अधिकतर इलाकों में हल्की बारिश हुई। विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार रात से पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत पश्चिमोत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों में वर्षा हुई है।

आईएमडी ने हल्की बारिश समेत मौसम संबंधी अनुकूल परिस्थितियों के कारण दीपावली से पहले वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार होने का अनुमान जताया था।

अधिकारियों ने कहा था कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की तरफ बदलने से, भारत के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पराली जलाए जाने से निकलने वाले धुएं के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा था कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा की गति 11 नवंबर को लगभग 15 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाएगी, जिससे दीपावली से पहले प्रदूषक तत्वों के तितर-बितर होने की संभावना है।

दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने वाले 'डिसीजन सपोर्ट सिस्टम' के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 38 प्रतिशत प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने से निकला धुआं जिम्मेदार था। शहर में प्रदूषण के स्तर में पराली जलाने की घटनाओं का योगदान बृहस्पतिवार को 33 प्रतिशत रहा, जबकि शुक्रवार को इसके 16 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

आंकड़ों में परिवहन को भी वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण बताया गया है, जो दिल्ली की बिगड़ती आबोहवा में 12 से 14 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 2,348 करोड़ रुपए

**मुंबई/भाषा।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 2,348 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का पिछले साल समान अवधि में शुद्ध लाभ 2,209 करोड़ रुपए रहा था।

एमएंडएम की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में राजस्व सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 34,436 करोड़ रुपए हो गया।

एमएंडएम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि टेक महिंद्रा के लिए यह तिमाही कठिन रही, लेकिन कंपनी अब कारोबार में बदलाव लाएगी। मोटर वाहन उद्योग में दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार 20 प्रतिशत बढ़कर 18,869 करोड़ रुपए रहा। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर कारोबार में कंपनी ने ओजा, स्वराज टारगेट और नया स्वराज के दम पर अपनी बाजार हिस्सेदारी में 150 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने समीक्षाधीन तिमाही में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत अधिक 2,12,078 वाहन बेचे। एक साल पहले की समान अवधि में 1,79,673 वाहन बेचे थे।



## पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में लाने पर दोगला रवैया अपना रही कांग्रेस : वित्त मंत्री सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पेट्रोल-डीजल को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस इस विषय पर दोगला रवैया अपना रही है।

सीतारमण ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा और उसकी अगुवाई वाली केंद्र सरकार शुरुआत से ही पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के पक्ष में है क्योंकि इस कदम से जनता को फायदा होगा, लेकिन इस विषय में फैसले का अधिकार जीएसटी परिषद को है। उन्होंने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए कहा, पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में लाए जाने से रोकने वाले कौन लोग हैं? अगर प्रियंका पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाए जाने के पक्ष में हैं, तो उन्हें कांग्रेस की हर राज्य सरकार से कहना चाहिए कि वे जीएसटी परिषद में इसकी सहमति दें। सीतारमण ने कहा कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के मामले में दोगला रवैया रखने वाली कांग्रेस से मीडिया को इस बारे में सवाल करना चाहिए। इजराइल-हमास युद्ध के भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा, जब से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तब से कच्चे तेल के दामों को लेकर लगातार अटकलबाजी चल रही है और हम इससे निपटते आ रहे हैं।




## एयर इंडिया को अगले 18 महीने तक हर छह दिन पर मिलेगा नया विमान : कैम्पवेल विल्सन

**सिंगापुर/भाषा।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैम्पवेल विल्सन ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया है और अगले 18 महीनों तक इसे हर छह दिन पर एक नया विमान मिलेगा। उन्होंने एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के अध्यक्षों की 67वीं बैठक में कहा, हमारे पास नए विमान हैं, हम कई नए चालक दल और कर्मचारियों की भर्ती कर रहे हैं, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं और अभी और काम करना बाकी है और हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं।

सत्र में विल्सन ने कहा कि एयर इंडिया के ज्यादातर ग्राहक विश्वसनीयता और समय की पाबंदी चाहते हैं, और हमारे सामने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती है। कैम्पवेल विल्सन ने कहा कि इसके अलावा, नए विमानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में लगाया जा रहा है और अधिकतर ठप पड़े विमानों को सेवा में लाया गया है।

उन्होंने कहा कि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने आठ प्रतिशत की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए 470 विमानों का ऑर्डर दिया है और अगले 18 महीनों में हर छह दिन में एक नया विमान प्राप्त करने की तैयारी है। विल्सन ने अन्य एयरलाइंस के साथ प्रतिस्पर्धा करने और एयर इंडिया के लिए ट्रैफिक बढ़ाने का भी भरोसा जताया।

## केसीआर ने 'धरणी' पोर्टल को बताया त्रुटिरहित, भाजपा-कांग्रेस ने खत्म करने का संकल्प लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एकीकृत भूमि अभिलेख प्रबंधन प्रणाली 'धरणी' अब राज्य में राजनीतिक दलों के लिए आलोचना का विषय बन गई है और 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनकर उभरी है।

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नीत सरकार ने भूमि पंजीकरण से संबंधित मामलों में सुधार और शिकायतों के समाधान के लिए अक्टूबर 2020 में 'धरणी' पोर्टल की शुरुआत की थी। राज्य सरकार ने 'धरणी' रिकॉर्ड का इस्तेमाल कर ही अपनी महत्वकांक्षी



योजना 'रायथु बंधु' के लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की थी। हालांकि जब से इस पोर्टल की शुरुआत हुई तभी से यह परियोजना विपक्षी दलों के लिए आलोचना का विषय बनी हुई है। विपक्षी दलों का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल जमीन हथियाने के लिए इस प्रणाली का इस्तेमाल कर रहा है वहीं बीआरएस ने परियोजना को प्रगतिशील सुधार बताते हुए आरोपों को खारिज कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे कई बड़े नेता अपनी रैलियों व जनसभाओं में 'धरणी' की आलोचना कर चुके हैं। वहीं राव ने अपने रैलियों में कहा है कि परियोजना 'धरणी' ने भूमि के लेन-देन की प्रक्रिया से 'बिचौलियों' को हटा दिया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही सत्ता में आने पर 'धरणी' को खत्म करने का संकल्प जताया है। नागरकुर्नूल में जून में एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा था कि राज्य सरकार का 'धरणी' भूमि अभिलेख प्रबंधन पोर्टल किसानों की जमीन हड़पने और धन जुटाने का जरिया बन गया है। उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो यह पोर्टल खत्म कर दिया जाएगा।

## सरकार ने डिजिटल विज्ञापन नीति पेश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने शुक्रवार को एक डिजिटल विज्ञापन नीति पेश की जो प्रतिमाह न्यूनतम 2.5 लाख अद्वितीय उपयोगकर्ताओं वाली वेबसाइट, ओटीटी और पॉडकास्ट जैसे अन्य डिजिटल मंचों को प्रचार अभियान के लिए सूचीबद्ध होने में सक्षम बनाएगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पेश की गई नीति, केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) को डिजिटल मीडिया क्षेत्र में प्रचार करने में सक्षम और सशक्त बनाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक अग्रणी डिजिटल विज्ञापन नीति, 2023 स्वीकृति दे दी है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो डिजिटल मीडिया क्षेत्र में अभियानों का संचालन करने के लिए भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण विज्ञापन शाखा है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वेबसाइट को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने के अलावा, सीबीसी अब पहली बार अपने सार्वजनिक सेवा अभियान संदेशों को मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से प्रसारित करने में सक्षम होगा। यह नीति पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हुए दर खोज के लिए प्रतिस्पर्धी बोली भी पेश करती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से खोजी गई दरें तीन साल तक वैध रहेंगी और सभी पात्र एजेंसियों पर लागू होंगी। ट्राई के भारतीय दूरसंचार सेवा प्रदर्शन संकेतक जनवरी-मार्च 2023 के अनुसार, भारत में इंटरनेट की पहुंच 88 करोड़ से अधिक है और दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 117.2 करोड़ से अधिक है। सोशल मीडिया मंच सार्वजनिक वार्तालाप के लोकप्रिय चैनलों में से एक बनने के साथ, यह नीति उस प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है जिसके माध्यम से सीबीसी इन मंचों पर सरकारी ग्राहकों के लिए विज्ञापन दे सकता है।

## सीबीआई ने नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले अतंरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए शुक्रवार को छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। गिरोह ने बीते दो वर्षों में सरकारी नौकरी दिलाने का वादा कर अभ्यर्थियों से करोड़ों रुपए इकट्ठा किए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने दिन में पटना, मंगलुरु, बेंगलूरु और धनबाद में नौ ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया।

अधिकारियों के अनुसार, तलाशी अभियान में यह सामने आया है कि गिरोह बीते दो वर्षों से फर्जीवाड़े में शामिल था और अभ्यर्थियों से सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए ऐंठ चुका था। उन्होंने बताया कि गिरोह सरकारी नौकरी दिलाने की एवज में 10-15 लाख रुपए लेता था।

अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने कई शहरों में उम्मीदवारों के लिए फर्जी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए थे जिनमें से पटना और मुंबई के साकीनाका में एक-एक शिविर अभी भी संचालित हो रहा था।

## मैं संविधान के अनुसार काम करता हूं : केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम (भाषा)** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि वह संविधान के अनुसार काम कर रहे हैं तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या इस बात का कोई सबूत है कि उन्होंने राज्य में कोई राजनीतिक संकट पैदा किया है।

राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं से बात करते हुए, खान ने कहा कि राज्य सरकार ने कई मौकों पर सीमा लांघी है। खान का यह बयान कुछ विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करने के मुद्दे पर राज्य सरकार और राजभवन के बीच बढ़ती खींचतान के बीच आया है।

राज्यपाल ने कहा, क्या उन्होंने (राज्य सरकार) कोई सबूत दिया है कि मैंने राज्य में कोई राजनीतिक संकट पैदा किया है? केवल बयान देने का मतलब संकट नहीं है। संकट का मतलब है, जब आप संविधान द्वारा आपको दी गई शक्तियों या अधिकारों से परे चले जाते हैं। खान ने कहा, मुझे एक भी उदाहरण दिखाइए, जहां मैंने सीमा लांघी है और मेरी अपनी सरकार ने कितनी बार ऐसा



किया है, इसकी एक लंबी सूची है। तो संकट कौन पैदा कर रहा है? राज्यपाल ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में पेंशन और वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है और हाल के केरलीयम कार्यक्रम का संदर्भ देते हुए कहा कि राज्य में बड़ा जश्न मनाया जा रहा है।

खान ने संवाददाताओं से कहा, हम बड़ा जश्न मना रहे हैं। हम दस लाख रुपए की लागत से स्विमिंग पूल बनवा रहे हैं। हाल ही में, केरल सरकार ने राज्यपाल द्वारा कुछ विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करने और इसे अनिश्चित काल तक विलंबित करने के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने आठ नवंबर को कहा था कि खान संविधान के अनुसार कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

## न्यायालय ने हिंदू धर्म कीरक्षा के लिए दिशानिर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने भारत में हिंदू धर्म कीरक्षा के लिए दिशा-निर्देश बनाने का केंद्र को निर्देश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया एवं न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत इस प्रकार का अनुरोध करने वाली याचिका की सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है।

शीर्ष अदालत ने याचिका में किए गए इस अनुरोध का जिक्र किया कि भारत सरकार के प्राधिकारियों को यहां हिंदू धर्म की रक्षा के लिए दिशानिर्देश बनाने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने कहा, कोई कहेगा कि भारत में इस्लाम की रक्षा करो। कोई कहेगा कि भारत में ईसाई धर्म की रक्षा करो। उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति ने यह याचिका दायर की थी। वह अपने मामले पर बहस करने के लिए व्यक्तिगत रूप से पेश हुआ। जब याचिकाकर्ता ने शैक्षणिक पाठ्यक्रम का हवाला दिया, तो पीठ ने कहा कि पाठ्यक्रम निर्धारित करना सरकार का काम है।




## गोवा में योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं को जल्द ही कैशलेस बनाया जाएगा : सावंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पणजी/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि तटीय राज्य में सभी योजनाओं और सरकारी सेवाओं को जल्द ही डिजिटल एवं कैशलेस बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री पोरवोरिम में राज्य लेखा विभाग की नई इमारत कौटिल्य लेखा भवन का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे भी मौजूद थे।

सावंत ने कुछ योजनाओं और सब्सिडी के वास्ते धन उपलब्ध कराने में देरी के लिए गैर-डिजिटलीकरण को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी लेनदेन को नकदी रहित बनाने के उद्देश्य से अपनी योजनाओं और सेवाओं के 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण के लिए आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं और सेवाओं के शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण के लिए राज्य सरकार के कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर सहयोग करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंकों को राज्य सरकार के साथ सूचीबद्ध किया गया है ताकि नागरिक अपनी शाखाओं के माध्यम से योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए आवास वित्त योजना सभी खामियों को दूर करने के बाद फिर से शुरू की जाएगी।

## सरकार ने कुछ छोटी बचत योजनाओं के लिए नियमों में राहत दी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित विभिन्न छोटी बचत योजनाओं के लिए नियमों में राहत दी है। नए मानदंडों के तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत खाता खोलने को तीन महीने का समय मिलेगा, जबकि वर्तमान में यह अवधि एक महीने की है।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार कोई व्यक्ति सेवानिवृत्ति लाभ प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत खाता खोल सकता है। यह अधिसूचना नौ नवंबर को जारी हुई।

अधिसूचना में कहा गया कि परिपक्वता की तारीख या विस्तारित परिपक्वता की तारीख पर योजना के लिए तय दर से ब्याज मिलेगा। सार्वजनिक भविष्य निधि के मामले में खातों को समय से पहले बंद करने के संबंध में कुछ बदलाव किए गए हैं। अधिसूचना में कहा गया कि इस योजना को सार्वजनिक भविष्य निधि (संशोधन) योजना, 2023 कहा जा सकता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय बचत सावधि जमा योजना के तहत समय से पहले निकासी के नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं।

## भारत में दिवाली से पहले धनतेरस पर सोने की बिक्री में तेजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
चेन्नई क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

CHANGE OF NAME

I, Army No 14806617K Hav K Mohan (Retd), R/O No 4/54 (4), Vill- Vanjur, Kollaimedu, PO -Senur, Distt-Vellore (TN), declares that my wife's name in my Army Records is wrongly mentioned as 'REKHA' which is required to be corrected as 'REKHA MOHAN'.

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दुनिया के सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता देश भारत में दिवाली से पहले धनतेरस पर सोने तथा चांदी की खरीदारी शुक्रवार को सोने की कीमतों में नरमी के साथ उपभोक्ता मांग में सुधार के चलते सकारात्मक रही।

सोने का भाव 28 अक्टूबर को 63,000 रुपए के उच्चतम स्तर से 800-1,500 रुपए प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) तक गिर गया। इससे धनतेरस पर खरीदारी को बढ़ावा मिला जिसे हिंदू पंचांग में कीमती धातुओं से लेकर अन्य वस्तुओं की खरीद के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है।



कारोबारियों को उम्मीद है कि सोने की बिक्री पिछले साल के स्तर को पार कर जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 400 रुपए गिरकर 60,950 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। दिल्ली में 2022 में धनतेरस के दिन सोने की कीमतें करों को छोड़कर 50,139 रुपए प्रति 10 ग्राम थीं। सामान्य वर्षों में धनतेरस के दिन करीब 20-30 टन सोने की बिक्री होती है। कारोबारियों ने कहा कि दोपहर 12 बजे के बाद ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जो देर रात तक जारी रहेगी।

द्रिकपंचांग के अनुसार, धनतेरस पर चांदी तथा सोना खरीदने का सबसे अच्छा मुहूर्त शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट बजे शुरू होगा और 11 नवंबर को दोपहर एक बजकर 57 मिनट पर समाप्त होगा।

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के निदेशक दिनेश जैन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सोने की कीमतें कारोबार के लिए अनुकूल हैं। हम आज अच्छी बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। हमें उपभोक्ताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और ग्राहकों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि हीरे की कीमतें गिरने से युवा पीढ़ी हल्के वजन के आभूषण खरीद रही है और कुछ लोग सोने तथा चांदी के सिक्के खरीद रहे हैं।

## केरल कांग्रेस के पूर्व महासचिव को अपराध की आय अदरक की खेती के जरिये मिली : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व महासचिव के. के. अब्राहम को अपने कथित सहयोगी एवं केरल के एक सहकारी बैंक ऋण धोखाधड़ी के आरोपी के साथ मिलकर की जा रही अदरक की खेती से लाभ का हिस्सा मिला। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दावा किया।

अब्राहम को संघीय जांच एजेंसी ने सात नवंबर को केरल में गिरफ्तार किया था। यह मामला वायनाड जिले के पुलपल्ली स्थित पुलपल्ली सर्विस कोआपरेटिव बैंक



में 5.62 करोड़ रुपए की कथित ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी द्वारा धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया आपराधिक मामला बैंक के शासी निकाय के सदस्यों और अधिकारियों के खिलाफ केरल सतर्कता और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (वीएसीबी) की एक प्राथमिकी से उपजा है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि अब्राहम अध्यक्ष के रूप में बैंक के समग्र प्रभारी थे जिन्होंने आवेदकों की संपत्तियों का अधिक मूल्यांकन करके विभिन्न ऋणों को मंजूरी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी की जांच में पाया गया कि बैंक अधिकारियों और उसके शासी निकाय के सदस्यों ने ऋण आवेदकों की सहमति और जानकारी के बिना संपत्तियों का अधिक मूल्यांकन करके बढ़ा हुआ ऋण स्वीकृत किया और उसे एस. कोल्लाप्पल्लिल (एक निजी व्यक्ति) को दे दिया। एजेंसी ने कहा कि आवेदकों द्वारा ऋण का पुनर्भुगतान नहीं किया गया।

एटीएम कार्ड वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




शुक्रवार को चेन्नई में कलैवरनार अरंगम में आयोजित समारोह में कलैगनार उरीमाई थोगई के अतिरिक्त लाभार्थियों को एटीएम कार्ड सौंपते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन एवं अन्य।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 : वीओ चिदंबरनार बंदरगाह प्राधिकरण में समापन समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मुख्य सतर्कता अधिकारी आईडीएएस एस मुरलीकृष्णन ने सभी का स्वागत किया और बंदरगाह संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बंदरगाह में किए गए सिस्टम सुधारों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने इस वर्ष की थीम 'भ्रष्टाचार को ना कहें;'' पर भी प्रकाश डाला। सभा में 'राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता' व्यक्त की और कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह हमारे संगठन और बड़े पैमाने पर समुदाय के भीतर अखंडता, पारदर्शिता और नैतिक व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

समारोह के मुख्य अतिथि सीबीआई पुलिस अधीक्षक जी. कलैमनी मदुरै ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता की संस्कृति विकसित करने से व्यक्ति ईमानदारी के राजदूत बनने और संगठन के विकास की सफलता में योगदान करने के लिए प्रेरित होंगे।

वीओचिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष (प्रभारी) बिमल कुमार झा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि बच्चों को सार्वजनिक जीवन के नैतिक मूल्यों, अखंडता और नैतिकता को विकसित करना प्रत्येक माता-



पिता और शिक्षक का कर्तव्य है। उन्होंने वीओसी पोर्ट के कर्मचारियों से व्यक्तिगत और आधिकारिक आचरण में उचित साधन और उचित प्रक्रियाएं अपनाने और सार्वजनिक और निजी जीवन में ईमानदारी लाने का भी आह्वान किया। उन्होंने बौद्धिक अखंडता के महत्व पर भी जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि कर्मचारियों को अपने दैनिक कर्तव्यों के प्रदर्शन में सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीओसी पोर्ट भी तेजी से प्रगति के पथ पर है और निकट भविष्य में एक स्मार्ट और टिकाऊ हब पोर्ट बनने की ओर अग्रसर है।

गत 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के दौरान, 'भ्रष्टाचार को ना कहें' विषय के तहत; राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध', कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के लिए स्किट, निबंध लेखन, नारा लेखन, वाद-विवाद, गायन, नृत्य और स्टीट प्ले प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। ठेकेदारों, विक्रेताओं और बंदरगाह के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए संवेदीकरण सेमिनार और आम जनता के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें 'सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) पर जागरूकता निर्माण कार्यक्रम' पर प्रकाश डाला गया।

मुख्यअतिथि जी. कलैमनी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। विभागाध्यक्ष, बंदरगाह के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में समारोह में शामिल हुए।

# राज्यपाल पर विधेयकों को मंजूरी देने में देरी के तमिलनाडु सरकार के आरोपों पर केंद्र से जवाब तलब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें राज्यपाल पर राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करने का आरोप लगाया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी किया और मामले में अटॉर्नी जनरल या सॉलिसिटर जनरल से सहायता मांगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तारीख तय की। तमिलनाडु सरकार की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने बताया कि राज्य विधानसभा द्वारा पारित 12 विधेयक राज्यपाल आरएन रवि के कार्यालय में लंबित हैं। तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत से हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए आरोप लगाया एक संवैधानिक प्राधिकरण लगातार असंवैधानिक तरीके से काम कर रहा है और बाहरी कारणों के चलते राज्य सरकार के कामकाज में बाधा डाल रहा है।

राज्य सरकार ने कहा, घोषणा करें कि तमिलनाडु के राज्यपाल/प्रथम प्रतिवादी द्वारा तमिलनाडु राज्य विधानमंडल द्वारा पारित एवं अग्रेषित विधेयकों पर विचार करने और मंजूरी देने के संवैधानिक कर्तव्य का पालन करने में निष्क्रियता, चूक, देरी और विफलता तथा और राज्य सरकार द्वारा उनके हस्ताक्षर के लिए भेजी गई फाइलों, सरकारी आदेशों व नीतियों पर विचार न करना असंवैधानिक, अवैध, मनमाना और अनुचित होने के साथ ही सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल भी है।

उसने कहा कि राज्यपाल, छूट आदेशों, दिन-प्रतिदिन की फाइलों, नियुक्ति आदेशों पर हस्ताक्षर नहीं करके, भर्ती आदेशों को मंजूरी न देकर, भ्रष्टाचार में शामिल मंत्रियों, विधायकों पर मुकदमा चलाने की स्वीकृति न देकर, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करना शामिल है और तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी न देकर पूरे प्रशासन को ठप कर रहे हैं। वह राज्य प्रशासन के साथ सहयोग न करके प्रतिकूल रवैया पैदा कर रहे हैं।



# चेन्नई डिविजन ने टिकट चेकिंग में बनाया रिकार्ड

## एक दिन में सबसे अधिक 27.16 लाख रुपए का राजस्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिणी रेलवे का चेन्नई डिवीजन अपने रेल उपयोगकर्ताओं के लिए सेवाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समय-समय पर कई पहल लागू की जाती हैं ताकि न केवल सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके बल्कि सुखद यात्रा अनुभव भी प्रदान किया जा सके। सभी अधिकृत रेल उपयोगकर्ताओं के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए, चेन्नई डिवीजन नियमित रूप से टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए विशेष ट्रेनों सहित उपनगरीय, मेल/एक्सप्रेस, यात्री ट्रेन सेवाओं में विशेष टिकट जांच अभियान चलाता है। वैध टिकट/पास के बिना यात्रा करना रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 137,138 और 139 के तहत दंडनीय है। दक्षिणी रेलवे के चेन्नई डिवीजन के टिकट चेकिंग स्टाफ ने प्रति दिन अब तक की सबसे अधिक कमाई का रिकॉर्ड बनाया। नौ नवम्बर को जुर्माने के रूप में 27.16 लाख रुपये एकत्र किए गए, जिससे 12 अक्टूबर को वसूले गए 20.19 लाख रुपये के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया गया।

ड्यूटी पर तैनात 535 टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा नौ नवरम्बर को बिना टिकट/अनियमित यात्रा के कुल 4,657 मामले दर्ज किए गए। बिना टिकट यात्रा करने के लिए दर्ज किए गए मामलों की संख्या 2,558 थी और डिफॉल्टरों से जुर्माने के रूप में 18.24 लाख रुपये वसूले गए, जबकि अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने के 1,666 मामले दर्ज किए गए और 7.82 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। बिना बुक सामान के 19 और धूम्रपान, गंदगी फैलाने आदि के 414 मामले दर्ज किए गए।



# जहाज में आग लगने से एक कर्मचारी की मौत, तीन घायल

## तमिलनाडु बंदरगाह आग दुर्घटना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई बंदरगाह पर खड़े एक तेल उत्पाद टैंकर में शुक्रवार को भीषण आग लगने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ओडिशा से आए भारतीय ध्वज वाले जहाज के इंजन के पास कुछ मरम्मत कार्य करते समय श्रमिकों ने गैस कटर का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया, गैस कटर से निकली चिंगारी पाइपलाइन पर जा गिरी, जिससे आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि घटना में टोंडियारपेट निवासी सहाय थंगराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जोशुआ, राजेश और पुष्पलिंगम नामक तीन अन्य लोगों को झुलसने के बाद चेन्नई के सरकारी किलपौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि जहाज मरम्मत के लिए 30 अक्टूबर को चेन्नई बंदरगाह पर पहुंचा था। फिलहाल, हार्बर पुलिस मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है।

# आंखों का रखें ख्याल, मनाए सुरशित दीपावली : डॉ. एस. सौंदरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** डॉ अग्रवाल आई हॉस्पिटल की क्लीनिकल सेवाओं की जोनल प्रमुख डॉ एस. सौंदरी ने कहा है कि भारत में दीपावली का त्यौहार बड़ी उत्सुकता एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस समय देश में पटाखो की आतिशबाजी चरम पर होती है। हर किसी को आतिशबाजी पसंद है ऐसे में पटाखों को फोड़ते समय हमें अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

इस समय आतिशबाजी से होने वाली अधिकांश चोटे आंखों पर सीधा प्रभाव डालती है। उन्होंने बताया कि हर साल बड़ी संख्या में नेत्र संबंधी चोटें सामने आने का मुख्य कारण पटाखे ही होते हैं। दरअसल हाथ और उंगलियों के बाद आंखें ही सबसे अधिक प्रभावित होती है। कुछ सामान्य चोटें फूलझाड़ियां और बमों के साथ-साथ चक्र पटाखों के कारण होती है। जो आंखों की चोटों का कारण बनती है। नेत्र संबंधी चोटों की गंभीरता आंखों में हल्की जलन और कॉर्नियल खरोंच से लेकर रेटिना की जटिलताओं तक हो सकती है। जिससे संभावित अंधापन हो सकता है। पटाखों में मिले बारूद के रासायनिक तत्वों के कारण यह और गंभीर हो जाता है। उन्होंने बताया की अतिशबाजी के समय आंखों में चिड़चिड़ापन और आंखों से पानी आने की समस्याएं



बढ़ जाती है। धुएं से भी गले के अन्य संक्रमण हो सकते हैं।

डॉ एस सौंदरी ने कहा कि लंबे समय तक सीधी गर्मी के संपर्क में रहने के कारण कॉन्टैक्ट लेंस आंखों में जलन पैदा करते हैं इसलिए कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वाले लोगों को पटाखे फोड़ते समय अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा की आकस्मिक आग से बचने के लिए हमेशा पानी और रेत की एक बाल्टी अवश्य रखना चाहिए और बच्चों को पटाखों की पहुंच से दूर सुरक्षित स्थान पर रहना चाहिए। आतिशबाजी करते समय अपने चेहरे, बालों और कपड़ों को काफी दूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आतिशबाजी करते समय पटाखों से आंखों को कोई नुकसान हो जाता है तो तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल या डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य उपाय भी किए जा सकते हैं जैसे अपनी आंखों को रगड़े या खुजलाए नहीं, आंखों और चेहरे को ठीक से धोएं, आंख में किसी भी तरह की जलन या बाहरी वस्तु होने पर अपनी पलकों को सदैव खुली रखें और आंखों को लगातार पानी से धोते रहे। अगर आंख में कोई रसायन चला गया है तो तुरंत आंखों और पलकों के नीचे तीस मिनट तक पानी से सिकाई करें और तुरंत किसी नेत्र चिकित्सक से मिले। उन्होंने कहा कि पटाखे फोड़ते समय हमें सिंथेटिक कपड़े नहीं पहने चाहिए तथा सदा एक उचित दूरी बनाकर के ही पटाखे जलाने चाहिए।

# भाजपा और जद (एस) के सूखा अध्ययन दौरे को उपमुख्यमंत्री ने प्रचार का हथकंडा करार दिया



**बेंगलूरु।** भाजपा और जद(एस) के सूखा अध्ययन दौरे को प्रचार का हथकंडा करार देते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को इन दोनों दलों के सांसदों और विधायकों से कहा कि वे इसके बजाय प्रधानमंत्री एवं संबंधित केंद्रीय मंत्रियों से मिलें और सुनिश्चित करें कि राज्य को राहत मिले। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने केंद्र पर राज्य को सूखा राहत प्रदान करने में 'भेदभाव' करने का आरोप लगाया।

विपक्षी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में टीम भेज कर सूखा अध्ययन यात्रा कर रही है, वहीं जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी ने हाल ही में कहा था कि उनकी पार्टी दिसंबर में रैयत सांत्वना यात्रे' निकालेगी। उन्होंने दोनों दलों का मजाक उड़ाते हुए कहा, भाजपा और जद(एस) नेता दया भाव से सूखा अध्ययन यात्रा पर जा रहे हैं।'' शिवकुमार ने कहा, 'कर्नाटक सरकार पहले ही एक सर्वेक्षण करा चुकी है और केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंप चुकी है, जिसने स्थिति का आकलन करने के लिए अधिकारियों की एक टीम भी भेजी है।' उपमुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, 'भाजपा और जद (एस) के 26 सांसदों और दोनों दलों के क्रमश: 66 और 19 विधायकों को दिल्ली जाना चाहिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों से मिलना चाहिए और राज्य को राहत राशि दिलानी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रचार के लिए (भ्रमण पर) जाने और दो पौधों का निरीक्षण कर वापस आना सही नहीं है, हम पहले ही देख चुके हैं, यदि आप चाहते हैं – तो जाएं और प्रचार पाएं – लेकिन यह भी सुनिश्चित करें कि राज्य को आपसे लाभ हो, यह महत्वपूर्ण है। हम आपकी केंद्र सरकार के सामने भीख नहीं मांग रहे हैं, हम केंद्र से नियमानुसार राहत राशि जारी करने के लिए कह रहे हैं, यह हमारा अधिकार है।'

कर्नाटक ने राज्य के कुल 236 तालुकों में से 216 को सूखाग्रस्त घोषित किया है। राज्य सरकार ने 33,770 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का आकलन किया है, और मानदंडों के अनुसार 17,900 करोड़ रुपये की केंद्रीय सूखा राहत की मांग की है। यह देखते हुए कि सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उपायुक्तों के पास 800 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल पेयजल, चारा और अन्य जरूरतों के लिए करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि 200 से अधिक तालुकों के सूखे की चपेट में होने के कारण, राज्य ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत कार्य दिवस को 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन करने का निर्णय लिया है और इस संबंध में केंद्र को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि करीब दो महीने हो गए, लेकिन केंद्र की ओर से इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप 21 नवंबर से चेन्नई में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** आगामी राष्ट्रीय बिलियर्डस एवं स्नूकर चैम्पियनशिप यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 21 नवंबर से आयोजित की जायेगी। यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का 90वां चरण है जो 25 दिसंबर को समाप्त होगा और इसमें हर उम्र समूह के सभी प्रारूपों में करीब 1500 क्यू खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। 2011 के बाद यह इस शहर में पहली बार खेला जायेगा।

आदित्य मेहता, रफथ हबीब, विद्या पिल्लई, ब्रिजेश दमानी, श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन और अनुपमा रामचंद्रन जैसे खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता पुरुष और महिलाओं के लिए सीनियर बिलियर्ड्स एवं स्नूकर वर्ग, मास्टर्स स्नूकर, 6 रेड स्नूकर तथा लड़कों और लड़कियों के लिए सब जूनियर और जूनियर बिलियर्ड्स एवं स्नूकर वर्ग में खेली जायेगी।

तमिलनाडु बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ उपाध्यक्ष राजमोहन ने पीटीआई से कहा, 'अगर आप यूरोप में स्नूकर को देखो तो यह क्रिकेट से ज्यादा कमाई कर रहा है जबकि पुरस्कार राशि भी काफी अधिक है जो विम्बलडन टेनिस की राशि के बराबर है।'

# अपोलो हॉस्पिटल्स का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 294.8 करोड़ रुपये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 294.8 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपोलो हॉस्पिटल्स का एकल आधार पर शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 279.1 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 508.9 करोड़ रुपये रहा, जो बीते वित्त वर्ष की समान छमाही में 612.3 करोड़ रुपये था।

जुलाई-सितंबर, 2023 तिमाही में कंपनी की एकल आधार पर कुल आमदनी 1,931.1 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,758.5 करोड़ रुपये रही थी।

अप्रैल-सितंबर, 2023 छमाही में एकल आधार पर कंपनी की कुल आमदनी बढ़कर 3,637.3 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान छमाही में 3,298.7 करोड़ रुपये थी।

# करंट लगने से 17 लोग अस्पताल में भर्ती कराये गए

**हासन।** कर्नाटक के हासन जिले के हसनंबा मंदिर में शुक्रवार को दर्शन के लिए कतारबद्ध लोग कथित तौर पर विद्युत करंट की चपेट में आ गए जिसके बाद 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किए गए अवरोधक के बीच कई लोग खड़े थे और अचानक उनमें से कुछ ने लोहे के अवरोधकों में करंट उतरने का आरोप लगाते हुए शोर मचाया। पुलिस के अनुसार इससे वहां अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। हासन के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सुजीथा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 17 लोगों को अवरोधक से बाहर ले जाया गया और बाकी सभी ठीक हैं। महिलाओं सहित सभी 17 लोगों को तुरंत पास के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा, 'उनमें से चार को चोट आई हैं, बाकी को अस्पताल में भर्ती कराया गया क्योंकि उन्होंने शिकायत की थी कि अवरोधक के बीच खड़े होने के दौरान उन्हें बिजली का झटका लगा था।' अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कोई भगदड़ नहीं हुई थी और यह सिर्फ अफरा-तफरी थी।

# कचरे में मिले अमेरिकी डॉलर नकली निकले: पुलिस

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु में एक रेलवे स्टेशन के समीप कचरा बीनने वाले एक व्यक्ति को मिले अमेरिकी डॉलर नकली निकले हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर हेब्बाल थाने में भादंसं की धारा 489 ए (करेंसी नोट की जालसाजी)के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा, ''इन नोट की प्रामाणिकता की जांच के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक को नोडल बैंक नियुक्त किया था, जिसने उन्हें नकली पाया। इन नोट को या तो छापा गया था या उनकी फोटोकॉपी की गयी थी।'' पुलिस के अनुसार, कचरा बीनने वाले एक व्यक्ति को तीन नवंबर को कागज में लिपटे 23 बंडल मिले थे और हर बंडल में 100 डॉलर के 100 नोट थे।




# राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होगी रिपीट : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पाली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए उम्मीद जताई है कि जिस प्रकार पिछले पांच साल में शानदार काम करने से कांग्रेस के पक्ष में जो माहौल बना हैं और उससे उनकी सरकार रिपीट होगी। गहलोत ने शुक्रवार को पाली जिले के बाली से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार ने शानदार काम किया और एक से बढ़कर एक जनहित की योजनाएं लाई गई और उन्हें लागू किया गया। जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में करीब एक करोड़ लोगों को पेंशन दे रही हैं। पच्चीस लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा, प्रदेश में करीब तीन हजार अंग्रेजी स्कूल खोलना, हर आदमी की सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार राज्य की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया हैं और जो मांगा वह दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नये जिले बनाये गये हैं जिससे विकास में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा आप मांगते मांगते थक जाओगे लेकिन मैं देते हुए नहीं थकूंगा। अगर किसी ने उनसे मांगा ही नहीं तो वह क्या कर सकते है।

मुख्यमंत्री ने कहा हम जनता से जो वादे करते हैं उन्हें पूरा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि कई घोषणाएं पूरी की गई हैं और महंगाई राहत शिविर खोलकर लोगों राहत पहुंचाने का काम भी किया गया हैं। एक करोड़ 35 लाख महिलाओं को मोबाइल देने का वादा किया गया था और अब तक करीब 40 लाख महिलाओं को मोबाइल दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि अब सात गारंटियों की और घोषणा की गई हैं जिसमें घर की महिला मुखिया को प्रति वर्ष दस हजार रुपए मिलेंगे। अब पांच सौ रुपए में गैस सिलेण्डर एक करोड़ पांच लाख परिवार तक दिया जायेगा। गौ धन योजना की घोषणा की गई हैं। गहलोत ने कहा कि विपक्ष गाय को लेकर सरकार को झूंठा बदनाम करने का काम कर रहा है जबकि राज्य सरकार ने तीन हजार करोड़ रुपए गायों के लिए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमारे अच्छे काम के बारे में नहीं बोलता। उन्होंने कहा कि आने वाला समय युवाओं के हाथ में होगा और यह महसूस किया जा रहा है कि बच्चों के लिए अंग्रेजी पढ़ना जरुरी है। इसलिए बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाना जरुरी है और इसके लिए सरकार ने करीब तीन हजार अंग्रेजी स्कूलें खोल दी है और कोशिश है कि सब जगह अंग्रेजी स्कूल खोली जाये। उन्होंने कहा कि सात गारंटियों की घोषणा में सरकारी कालेज में पहुंचने वाले प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को लेपटाप एवं टेबलेट देना भी शामिल किया गया हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार सरकार की तमाम ऐतिहासिक योजनाओं और किए गए शानदार काम के बाद उम्मीद की जा रही है कि विधानसभा चुनाव में इस बार रिवाज बदलेगा और कांग्रेस की उनकी सरकार रिपीट होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कई कानून पास किए और कई क्रांतिकारी कदम उठाए, इसलिए उनकी योजनाओं की चर्चा पूरे देश में है।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार जिस तरह की घोषणाएं और योजनाएं लाई और उन्हें लागू किया गया हैं, वे देश में कहीं नहीं हैं। इसलिए वह कहना चाहेंगे कि जनता चाहती है कि सरकार रिपीट हो और होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया इस कारण इस बार सरकार रिपीट होगी। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि पाली जिले में सब कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताकर भेजना होगा तभी फिर से सरकार बनेगी।

# मोदी से ऐसी भाषा की उम्मीद नहीं, जनता कांग्रेस के साथ : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से इस तरह की भाषा की उम्मीद नहीं थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा नेता ऐसी बातों को मुद्दा बना रहे हैं जो मुद्दा ही नहीं है। गहलोत ने कहा कि इन विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता कांग्रेस के साथ है और वह फिर सरकार बनाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को उदयपुर के पास एक चुनावी सभा में कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर हमला बोलते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को आतंकियों से सहानुभूति रखने वाली सरकार बताया था।

गहलोत ने यहां मीडिया से कहा, 'जो प्रधानमंत्री जी बोले हैं बहुत ही अस्वीकार्य है हम लोगों को। और मैं नम्र निवेदन करना चाहूंगा प्रधानमंत्री जी से कि कृपा करके इस प्रकार का माहौल नहीं बनाएं देश के लिए, (यह) देश के हित में नहीं है, समाज के हित में नहीं है।'

गहलोत ने आगे कहा, 'हमारी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी तो है नहीं। यह विचारधारा की लड़ाई हमारी। यह लड़ाई विचारधारा तक सीमित रहनी चाहिए। प्रोग्राम, पॉलिसी की बात करें, इश्यू की बात करें ...नॉन इश्यू को इश्यू बना रहे हो आप लोग। आप इस प्रकार से धर्म के नाम पर लोगों को भड़का रहे हो अभी से।' उन्होंने कहा, 'जिस भाषा में उन्होंने कहा है मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से ये उम्मीद नहीं करता था। इसलिए मैंने कहा कि या तो उन्हें ग़लत ब्रीफिंग की गई है यह वे जानबूझकर घबरा गए हैं बौखला गए हैं जानबूझ ये जुमला बोला है मेरा यह मानना है।' गहलोत ने कहा कि राजस्थान में इस समय माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और उसकी शानदार योजनाओं व कार्यक्रमों की चर्चा पूरे देश में है।

मुख्यमंत्री ने बाद में पाली के बाली में चुनावी सभा में भी दोहराया कि भाजपा के पास कोई चुनावी मुद्दा नहीं है और जनता कांग्रेस के साथ है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। गहलोत ने कहा कि पांच वर्षों में सबको साथ लेकर चलते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं रखी है। राजस्थान के प्रत्येक परिवार और व्यक्ति के कांग्रेस के प्रति विश्वास और जनभावना के अनुसार विभिन्न जनहितैषी योजनाएं लागू की है। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर राजस्थान में कांग्रेस पार्टी आप सभी के सहयोग से सरकार बनाएगी। उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। राज्य की सभी 200 सीटों के लिए एक चरण में मतदान 25 नवंबर को होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना की जाएगी।

## करंट लगने से परिवार के चार सदस्यों की मौत

जयपुर। राजस्थान के सलूंबर जिले के कुण थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को करंट लगने से परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि डिकिया ग्राम पंचायत में एक मकान के दरवाजे में करंट आने से एक दूसरे को बचाने के फेर में दंपत्ति और उनके पुत्र और पुत्री की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान ओंकार मीणा (68), उनकी पत्नी भंवरी देवी (65) पुत्र देवीलाल (25) और पुत्री मांगी देवी (22) के रूप में की गई है। सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

**जनसंपर्क**




जयपुर में शुक्रवार को झोटवाड़ा से भाजपा उम्मीदवार राज्यवर्धन राठौड़ जनसंपर्क करते हुए।

# अदालत ने सरकारी चिकित्सक को चुनाव लड़ने की अनुमति दी, हारा तो ड्यूटी पर लौट सकेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक सरकारी चिकित्सक को 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने पर फिर से ड्यूटी पर लौटने की अनुमति दे दी है। चिकित्सक दीपक घोघरा (43) भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के टिकट पर डूंगरपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वह बीटीपी के प्रदेश अध्यक्ष वेलाराम घोघरा के बेटे हैं। उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ के न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने 20 अक्टूबर को एक आदेश में कहा, ... प्रतिवादी को आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाग लेने के उद्देश्य से याचिकाकर्ता को चिकित्सा अधिकारी के पद से मुक्त करने का निर्देश दिया जा सकता है और वह याचिकाकर्ता को राज्य विधानसभा चुनाव 2023 चुनाव लड़ने/भाग लेने की अनुमति दें। आदेश में आगे कहा गया है ...प्रतिवादी को कृपया यह निर्देश दिया जाए कि यदि याचिकाकर्ता चुनाव हार जाता है, तो याचिकाकर्ता को तदनुसार चिकित्सा अधिकारी के पद पर वापस काम संभालने की अनुमति दी जाए।

घोघरा ने कहा कि यह राज्य में पहला ऐसा मामला है जब उच्च न्यायालय ने किसी सरकारी चिकित्सक को चुनाव लड़ने और हारने की स्थिति में फिर से ड्यूटी पर शामिल होने की अनुमति दी है।

डूंगरपुर जिला अस्पताल में तैनात घोघरा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'यह एक ऐतिहासिक फैसला है तथा इससे और चिकित्सकों के लिए दरवाजे खुलेंगे।' उन्होंने कहा कि वह 10 साल से डूंगरपुर में तैनात हैं और स्थानीय लोग उन्हें अच्छी तरह से जानते हैं एवं उन्हें सीट जीतने का विश्वास है। उन्होंने कहा यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षित लोग आगे आएं और लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में शामिल हों। चुनाव लड़ने के मेरे फैसले को लोगों ने अच्छी तरह से स्वीकार किया है और मुझे पूरा विश्वास है कि लोगों के साथ मेरे व्यक्तिगत जुड़ाव के कारण, मैं यह सीट जीतूंगा। घोघरा का मुकाबला भाजपा के बंसीलाल कटारा और कांग्रेस के वर्तमान विधायक और उम्मीदवार गणेश घोघरा से है। बीटीपी ने राजस्थान विधानसभा चुनाव में 17 उम्मीदवार उतारे हैं और उनमें से दो चिकित्सक हैं। उनमें घोघरा भी शामिल है। राज्य की 200 विधानसभा सीट पर 25 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

## सरकार को बिजली खरीद के लिए मूल राशि की सीमा तक ही ईंधन अधिभार लगाने का निर्देश

जोधपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को उपभोक्ताओं पर विशेष ईंधन अधिभार लगाने से बृहस्पतिवार को रोक दिया और बिजली खरीद के लिए अडानी राजस्थान पावर लिमिटेड (एआरपीएल) को भुगतान की गई 3,048.64 करोड़ रुपये की मूल राशि की सीमा तक ही इसकी वसूली का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने वसूली के सभी आदेशों को निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि यदि डिस्कॉम द्वारा उपभोक्ताओं से की गयी वसूली मूल राशि से अधिक है, तो इसे विधिवत समायोजित किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील रमित मेहता ने कहा कि एआरपीएल को 7,438.58 करोड़ रुपये के भुगतान के मद्देनजर डिस्कॉम पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ के कारण विशेष ईंधन अधिभार लगाया गया था।

# राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक नए विक्षोभ के चलते राजस्थान के अनेक इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दो तीन दिन में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटे में जोधपुर, बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं बादलों की गरज के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान नोखा, बीकानेर में 6 मिलीमीटर तथा महवा, दौसा में 2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

इसके अनुसार, शुक्रवार को भी गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरु, झुंझुनू, सीकर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर जिलों में हल्की बारिश होने तथा शेष अधिकतर भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। शनिवार 11 नवंबर से आगामी एक सप्ताह के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार, आगामी 48 घंटे में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की प्रबल संभावना है।

## उम्मीद से ज्यादा बहुमत मिलेगा : पायलट

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव अभियान में मिल रहा मतदाताओं का रुझान बेहद उत्साहजनक है और कांग्रेस का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद से पार्टी चुनाव लड़ रही है, उसे उससे ज्यादा बहुमत मिलेगा। टोंक में जनसम्पर्क के दौरान पायलट ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा हमारा चुनावी अभियान बड़ा सकारात्मक है.. हमने जो घोषणाएं और जनकल्याण की बात रखी है उसे जनता पसंद कर रही है और कांग्रेस के उम्मीदवारों के प्रचार में लगातार भीड़ आ रही है।

उन्होंने कहा चुनाव अभियान बहुत अच्छा चल रहा है और मतदाताओं तथा कार्यकर्ताओं से मिल रहा रुझान बेहद उत्साहजनक है। मैं ऐसा मानता हूं कि कांग्रेस का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। जिस उम्मीद से हम चुनाव लड़ रहे हैं उससे ज्यादा बहुमत लेकर हम लोग निकलेंगे।

उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी का राजस्थान आने का कार्यक्रम बन रहा है और वे बड़ी सभाओं को संबोधित करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर लोग चुनाव की पूर्व संध्या पर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो यह हवा के बदलते रुख का परिचायक है। उन्होंने दावा किया कि जनमानस का रुख क्या है और मतदाताओं के मन में क्या है, यह वह (पायलट) समझ रहे हैं।

**चुनाव प्रचार**



जयपुर में सोमवार को विद्याधर नगर में चुनाव प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी।




# भागीरथ मेहरिया ने फिर भाजपा का दामन थामा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के एक-दूसरी पार्टी में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी हैं और शुक्रवार को खींवसर विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी रहे भागीरथ मेहरिया ने अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर दामन थाम लिया। इस अवसर पर जयपुर में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान महरियां ने समर्थकों अर्जुनराम मेहरिया, मनीराम काला बलाया, भागीरथ बनगांवा और बद्रीराम बिडियासर के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और नागौर विधायक मोहनलाल चौधरी ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

उल्लेखनीय है कि मेहरिया वर्ष 2013 में खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रहे हैं और 2013 से लेकर 2023 तक भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में किया लेकिन वह गत 25 अक्टूबर को कांग्रेस कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

इस अवसर पर शेखावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने षड़यंत्रपूर्वक प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं से लूट की है, कांग्रेस की विफलता और आर्थिक कुप्रबंधन के चलते आज राजस्थान में देश की सबसे महंगी बिजली मिल रही है। राजस्थान की सरकार महंगी बिजली के माध्यम से राजस्थान के एक करोड़ 39 लाख उपभोक्ताओं को लूटने का काम कर रही है।

# जयपुर के गणपति प्लाजा में बोरी भर-भर कर नोट उगल रहे लॉकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कालेधन को लेकर राजधानी जयपुर के गणपति प्लाजा में इनकम टैक्स की कार्रवाई चल रही है। गणपति प्लाजा के निजी लॉकरों में से लगातार पैसा निकला जा रहा है। शुक्रवार को भी लॉकर तोड़े गए हैं और लॉकरों भारी मात्रा में नकदी निकलने की सूचना है। नोटों की मशीन से गिनती की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग का कर्मचारी लॉकर से बोरी भरकर नकदी लेकर आया है। शुक्रवार को लॉकर से अब तक की सबसे ज्यादा नकदी निकली गई है। पहले चरण में दो लॉकरों को काटा गया और एक लॉकर से लाखों की नकदी बरामद की गई। दूसरे लॉकर से नोटों से भरी बोरी मिली है, जिसकी गिनती जारी है।

बता दें कि 13 अक्टूबर की सुबह 5 बजे पेपरलीक



मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस के सीनियर नेताओं के करीबियों के घर और ऑफिस पर छापेमारी की थी। टीम जयपुर, जोधपुर और डूंगरपुर में करीब 9 जगहों पर पहुंची। ये सभी घर और ऑफिस दिनेश खोड़निया, स्पर्धा चौधरी और अशोक जैन के थे। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने पहले पीसी कर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। फिर गणपति प्लाजा में लॉकर कंपनी के ऑफिस पहुंच गए।

# दिवाली ही नहीं होली में भी हम देंगे निशुल्क गैस सिलेंडर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी। एक सरकारी बयान के मुताबिक, शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने धनतेरस के अवसर पर यहां लोकभवन से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों के लिए नि:शुल्क रसोई गैस सिलिंडर रिफिल वितरण अभियान की शुरुआत की।

इस अभियान पर उप्र सरकार 2,312 करोड़ रुपए व्यय करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवाना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान 'लोक कल्याण संकल्प पत्र' में की गई एक और घोषणा को उनकी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले लोगों को गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाता था, कनेक्शन मिल जाती थी तो भी सिलेण्डर के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी तथा कई बार स्थितियां ऐसी हो जाती थीं की पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ जाता था। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित व्यक्ति गैस कनेक्शन के बारे में सोच भी नहीं पाता था तथा महिलाओं को धुंए की वजह से कई बीमारियों का सामना करना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की तो देश से गैस की किल्लत समाप्त हुई, देखते ही देखते देश के अंदर नौ करोड़ 60 लाख परिवारों को पहली बार निशुल्क में गैस का कनेक्शन मिल पाया तथा लगभग 50 करोड़ लोग लाभान्वित हुए।

उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी के लाभार्थियों को 300 रुपए सब्सिडी की अलग से सौगात दी है तथा आज बिना किसी धांधली और चोरी के सब्सिडी का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है एवं आधार से लिंक होने के कारण सीधे उनके खाते में सब्सिडी का पैसा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों और वंचितों को एलपीजी के रूप में स्वस्थ ईंधन उपलब्ध करवाकर प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी आंखों के साथ-साथ फेफड़ों को भी बचाने का कार्य किया है।

## स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 62वें स्थापना दिवस परेड समारोह में शामिल हुए।

## सांप के जहर की आपूर्ति मामले में जेल में बंद पांच सपेरों से पूछताछ

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** रेव पार्टी तथा पार्टी के अंदर सांपों के जहर की आपूर्ति करने के मामले में गिरफ्तार किए गए पांच कथित सपेरों को नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। अदालत ने उन्हें पुलिस की हिरासत में भेजी। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरिश चंदर ने बताया कि आज सुबह पुलिस ने पांचों आरोपियों -- राहुल, टीटू नाथ, जयकरण, नारायण तथा रवि नाथ को लुक्सर जेल से अपनी हिरासत में लिया और जांच अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। पांचों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लिए जाने की सूचना के बाद थाना सेक्टर 20 के बाहर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लग गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अधिकारी सपेरे से अज्ञात जगह पर पूछताछ कर रहे हैं।

## मेरठ में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस की एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने मेरठ में एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ कर सरगना को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को एटीएस द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, एटीएस कर्मियों की एक टीम ने बृहस्पतिवार की रात मेरठ जिले के परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे एक अवैध मोबाइल एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया।

इसमें कहा गया है, नूर मोहम्मद उर्फ साकिब को अवैध मोबाइल एक्सचेंज संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उसके कब्जे से कई सिम बॉक्स, राउटर, मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किए गए। एटीएस अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ में नूर ने बताया कि उसकी दोस्ती फेसबुक के माध्यम से नेडी (फर्जी नाम) नामक एक व्यक्ति से हुई और नेडी ने इसको कोरियर के माध्यम से सिम बाक्स उपलब्ध कराए और एनीडेस्क एप्लीकेशन के माध्यम से कॉन्फिगर किया। सिम बाक्स पर इंटरनेट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को इंटरनेशनल गेटवे को बाईपास कराकर लैंड कराया जाता था, जिससे इंटरनेट काल सामान्य वायस काल में परिवर्तित हो जाती है और कॉल प्राप्त करने वाले को काल करने वाले व्यक्ति के नंबर के स्थान पर सिम बॉक्स में लगे सिम कार्ड का नंबर प्रदर्शित होता है और इससे फोन करने वाले कॉलर की पहचान नही हो पाती है।

## राज्यपाल को अपने अपेक्षित कर्तव्यों का पालन करना चाहिए : मान



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि राज्यपाल को अपने अपेक्षित कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे कुछ ही घंटे पहले उच्चतम न्यायालय ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर सहमति नहीं देने के लिए राज्यपाल को आड़े हाथ लिया था। उच्चतम न्यायालय ने विधेयकों पर सहमति को लेकर पंजाब सरकार और राज्यपाल के बीच गतिरोध को 'गंभीर चिंता' का मामला बताया और कहा कि राज्य में जो कुछ हो रहा है, उससे वह खुश नहीं है।

राज्य के विभिन्न विभागों में नई भर्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद यहां संवाददाताओं से संक्षिप्त बातचीत के दौरान मान से शीर्ष अदालत की टिप्पणियों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया था। पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का जिक्र करते हुए मान ने कहा, हम किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं हैं, हम संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं हैं। हम जीतने या हारने के लिए कोई खेल नहीं खेल रहे हैं और हमारे लिए यह जीत या हार का मामला नहीं है। लेकिन कानून के तहत हमारे कर्तव्य क्या हैं और उसके तहत मुझे जो करना चाहिए, मैं वह कर रहा हूं। इसी तरह, राज्यपाल के कर्तव्य क्या हैं, उन्हें भी निर्वहन करना चाहिए। वह शीर्ष अदालत ने जो कहा है उस पर टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, माननीय उच्चतम न्यायालय ने जो कहा है, मैं उस पर टिप्पणी नहीं कर रहा हूं... मैं कह रहा हूं कि मामला इतना आगे नहीं बढ़ना चाहिए था। मान ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह राज्य के हित में है कि 'मुख्यमत्री आवास और राजभवन' के बीच अच्छे संबंध हों।

## काम नहीं करने की कोशिश ना करें, अदालत पर बोझ ना डालें : उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से कहा कि वह खुद काम नहीं करे और अदालत पर बोझ डाल दे, इस प्रकार की कोशिश नहीं होनी चाहिए। साथ ही उसने यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में 'सम-विषम' कार योजना लाने का फैसला राज्य सरकार को करना है और न्यायालय इस पर कोई निर्देश जारी नहीं करेगा।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बदतर होती वायु गुणवत्ता से संबंधित विषय की सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सम-विषम योजना से न्यायालय का कोई लेना-देना नहीं है और इसने कभी नहीं कहा कि पड़ोसी राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने वाली टैक्सियों पर भी इसे लागू किया जाना चाहिए।

दिल्ली सरकार ने कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि यह दिवाली के अगले दिन, 13 नवंबर से 20 नवंबर तक सम-विषम योजना लागू करेगी, जब वायु प्रदूषण के चरम पर रहने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के विषय पर सात नवंबर को सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने योजना के प्रभाव पर सवाल किया, जिसके बाद शहर के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के सुनवाई करने और एक आदेश जारी किए जाने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। शीर्ष न्यायालय वायु प्रदूषण पर पर्यावरणविद एम सी मेहता द्वारा 1985 में दायर एक याचिका पर विचार कर रहा है। प्रदूषण से जुड़े कई मुद्दे मेहता की याचिका पर सुनवाई के दौरान उठे हैं।

शुक्रवार को, न्यायालय ने कहा कि इसने पिछली सुनवाई में सम-विषम का मुद्दा उठाया था, जिससे पहले एक न्यायमित्र के रूप में अदालत की सहायता कर रहे एक अधिवक्ता ने कहा था कि सम-विषम योजना ने वायु प्रदूषण घटाने में मदद नहीं की। दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से आने वाली टैक्सी को दिल्ली में प्रवेश करने देने की जरूरत है, अन्यथा आवागमन एक बड़ी समस्या बन जाएगी। दिल्ली में काम करने वाले लाखों लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा और हरियाणा के गुरुग्राम जैसे शहरों में रहते हैं।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैं आपसे सहमत हूं। हमने कभी यह नहीं कहा। काम नहीं करने और अदालत पर बोझ डालने की कोशिश ना करें। यही हो रहा है। पीठ ने कहा, ...न्याय मित्र ने कहा है कि इस सम-विषम योजना से फायदा नहीं हो रहा। इससे मदद नहीं मिली है। लेकिन आपने अब कहा है कि हम सम-विषम लागू करेंगे और टैक्सियों पर भी सम-विषम लागू करेंगे। क्या हमने आपसे टैक्सियों पर सम-विषम लागू करने को कहा है? हमने आपसे इसे लागू करने नहीं कहा है। वकील ने दलील दी कि सम-विषम योजना प्रदूषण घटाने में ज्यादा कारगर नहीं रही है, लेकिन यदि थोड़ा भी प्रभावशाली है तो यह मायने रखती है।

## हम मिजोरम विधानसभा चुनाव जीतेंगे और नए जोश के साथ राज्य की सेवा करेंगे: जोरामथंगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री और मिजो नेशनल फ्रंट के नेता जोरामथंगा ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। जोरामथंगा ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उनकी पार्टी अधिक कुशल तरीके से और नए जोश के साथ अगले पांच साल तक राज्य की सेवा करेगी।

मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए सात नवंबर को चुनाव हुए थे। मिजोरम में मतों की गिनती तीन दिसंबर को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान विधानसभा चुनाव की मतगणना के साथ होगी। जोरामथंगा ने यहां एमएनएफ कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम ईश्वर और जनता की मदद से सत्ता में बने रहेंगे। हम और कुशल ढंग से और नए जोश के साथ अपने राज्य की अगुवाई और सेवा करेंगे। जोरामथंगा (79) ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य ने कोविड-19 महामारी, भूकंप, सीमा विवाद और पड़ोसी देशों से घुसपैठ जैसी कई समस्याओं का सामना किया। उन्होंने कहा, लेकिन, हमने लोगों की मदद के लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। ईश्वर ने एक बार फिर हमें हमारी वर्तमान स्थिति में पहुंचाया है। शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा चुनाव हो जाने पर खुशी प्रकट करते हुए उन्होंने पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करने को लेकर एमएनएफ कार्यकर्ताओं की तारीफ की। सत्तारूढ़ एमएनएफ, मुख्य विपक्षी जोरम पीपुल्स मूवमेंट और कांग्रेस ने 40-40 सीट पर चुनाव लड़े, जबकि भाजपा ने 23 सीट और आम आदमी पार्टी ने चार सीट पर अपने प्रत्याशी उतारे थे।

## टीवी पर राय देना आसान, कप्तानी से मेरी बल्लेबाजी प्रभावित नहीं हुई: बाबर आजम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने उनके नेतृत्वकौशल पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि टीवी पर राय देना आसान होता है और कप्तानी के कारण विश्व कप में उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा।

पाकिस्तान की अफगानिस्तान के हाथों 8 विकेट की हार और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 271 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाने के बाद बाबर आजम की आलोचना हो रही थी।

मोइन खान और शोएब मलिक जैसे पूर्व कप्तानों ने बाबर की कप्तानी की खुलेआम आलोचना की और कहा कि इसका असर उनकी बल्लेबाजी पर पड़ रहा है।

बाबर ने अपनी आलोचना के संबंध में कहा, ''टीवी पर राय देना बहुत आसान होता है। अगर कोई मुझे सलाह देना चाहता है तो उनका स्वागत है और वह मुझे सीधे फोन कर सकते हैं। मेरा नंबर उन सभी के पास है। मलिक ने कहा था कि बाबर बल्लेबाजी का बादशाह है लेकिन कप्तानी में ऐसा नहीं है।

मलिक ने कहा था, ''जिस व्यक्ति की सबसे अधिक जिम्मेदारी बनती है वह कप्तान है। मोइन ने कहा था की बाबर को भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए जो कप्तानी छोड़ने के बाद अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगा रहे हैं।

बाबर ने इस पर दृढ़ रवैया अपनाते हुए कहा कि आलोचना के कारण उनकी बल्लेबाजी पर कभी कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, ''मैं पिछले तीन वर्षों से अपनी टीम की कप्तानी कर रहा हूं और मैंने कभी ऐसा महसूस नहीं किया। बात केवल इतनी है कि मुझे विश्व कप में जिस तरह का प्रदर्शन करना चाहिए था वैसे नहीं कर पा रहा हूं, इसलिए लोग बोल रहे हैं कि मैं दबाव में हूं। बाबर ने कहा, ''मैं नहीं मानता की कप्तानी के कारण मैं किसी तरह के दबाव में हूं या किसी तरह से भिन्न महसूस कर रहा हूं। मैं क्षेत्ररक्षण और बल्लेबाजी के दौरान मैदान पर अपना शत प्रतिशत योगदान देता हूं। मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे किस तरह से रन बनाने चाहिए और अपनी टीम को जीत दिलानी चाहिए।

कप्तान बाबर आजम को इस दौरान पाकिस्तान के पत्रकारों के सवालों से जूझना पड़ा जिनमें कप्तानी छोड़ने से संबंधित सवाल भी थे। उन्होंने कहा, ''मैं नहीं जानता कि आप किस फैसले की बात कर रहे हैं। खिलाड़ियों के चयन से संबंधित जो फैसले हमने यहां किए हैं वह कोच और कप्तान ने किए हैं। हम परिस्थितियों के अनुसार अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन के साथ उतरे। कुछ अवसरों पर हमें सफलता मिली तो कुछ अवसरों पर ऐसा नहीं हो पाया।

## मोदी सरकार अडाणी के कोयला 'घोटाले' की चर्चा करने वालों का मुंह बंद करना चाहती है : महुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की आचार समिति की सिफारिश अडाणी समूह के कथित कोयला घोटाले को दबाए रखने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'व्यग्रता' से जुड़ी है। महुआ ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे को उठाने वाले किसी भी व्यक्ति का मुंह बंद करना चाहते हैं।

तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के आरोप का सामना कर रही हैं। उन्होंने पीटीआई वीडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुद्दा यह है कि किसी सांसद को सदन में सवाल उठाने की अनुमति कैसे नहीं दी जाए। उन्होंने कहा, अडाणी 13,000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में शामिल हैं। किसी भी अन्य देश में, इस वजह से सरकार गिर जाती। श्री मोदी दिल से यह जानते हैं। इसलिए वे इसे लंबे समय तक दबाए रखने के लिए बेचैन हैं।

तृणमूल सांसद ने दावा किया, मोदी और अडाणी सरकार चला रहे हैं... जो कोई भी उनसे सवाल करता है, वे घबरा जाते हैं। हम उन कुछ लोगों में से हैं जो ऐसा कर रहे हैं। इसलिए उनका प्रयास है कि उन्हें चुप करा दें, उन्हें जेल में डाल दें...। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को झूठ की फैक्टरी करार दिया। उन्होंने कहा, वे हर दिन फर्जी खबरें फैलाते हैं और समस्या यह है कि इस देश में मीडिया पूरी तरह से मोदी और अडाणी द्वारा नियंत्रित है। वे इसे उठाते हैं, फैलाते हैं और हर कोई शोर मचाना शुरू कर देता है।

## कुर्सी के लालची लोग नीतीश के खाने में मिला रहे नशीला पदार्थ : मांझी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को परोसे जाने वाले भोजन में उनकी 'कुर्सी के लालची लोगों' द्वारा 'जहरीला पदार्थ' मिलाया जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने विधानसभा परिसर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह आरोप लगाया। इससे एक दिन पहले ही मांझी के पूर्व राजनीतिक गुरु नीतीश कुमार ने उन्हें फटकार लगाई थी। मांझी ने संवाददाताओं से कहा, कुछ दिन पहले नीतीश कुमार ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था, जिसके कारण उन्हें विधानमंडल के दोनों सदनों में माफी मांगनी पड़ी थी। कल उन्होंने फिर खुद पर नियंत्रण खो दिया और मुझसे अपमानजनक तरीके से बात की, यह भूल गए कि मैं उम्र और राजनीतिक अनुभव में उनसे वरिष्ठ हूं। यह उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब होने का संकेत है।

इस दौरान मांझी के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य मौजूद थे।

## ग्राम प्रधान की सोते समय धारदार हथियार से हत्या

**बदायूँ (उप्र)/भाषा।** जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र में घर में सो रहे मौजूदा ग्राम प्रधान की धारधार हथियार से कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि बदायूं जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव लखनपुरा के ग्राम प्रधान शिवचरण लोधी (55 वर्ष) बृहस्पतिवार की रात अपने घर के बरामदे में सो रहे थे, उसी दौरान उनकी किसी ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिवार तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। पीड़ित परिवार ने गाँव के ही एक व्यक्ति नन्हे लोधी पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# संपूर्ण बल्लेबाज बनने पर ध्यान देने के बजाय नए स्ट्रोक सीखना महत्वपूर्ण : विराट कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली तकनीक के बजाय एक बल्लेबाज के रूप में नए स्ट्रोक लगाने की योग्यता को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने पिछले साल टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर अपने शॉट की विविधता का शानदार नमूना पेश किया था। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक चीज तकनीक और कौशल का अभ्यास है।

एक ऐसी चीज है जहां आप तकनीक के बारे में सोचते हैं जिसका उपयोग आप मैच जीतने के लिए कर सकते हैं या यह सोचकर उसे अपनाते हैं कि अगर मैं इस तरह से खेलता हूं तो सुधार जरूर होगा। बल्लेबाजी में सुधार के लिए बहुत से लोग इस बात के बारे में नहीं जानते हैं। उन्होंने कहा, ''सुधार तब होता है जब आप यह सोचते हैं कि मैच जीतने के लिए मैं अपने खेल में क्या नया जोड़ सकता हूं। आप ऐसा संपूर्ण बल्लेबाज बनने के लिए नहीं करते हैं। बहुत कम लोग यह जानते हैं कि तकनीकी रूप से मजबूत बनने के लिए आप अभ्यास नहीं करते हैं। अभ्यास करने से मैं एक नया शॉट सीख सकता हूं, मैं टीम के लिए रन बना सकता हूं और मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं।

## पंत अब ठीक है, आईपीएल में वापसी करेगा : गांगुली



**कोलकाता/भाषा।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पंत गुरूवार को दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों के साथ जुड़ गए। गांगुली ने पंत के बारे में अपडेट देते हुए पत्रकारों से कहा, वह (पंत) अब ठीक है। वह अगले आईपीएल सत्र में खेलेगा। उन्होंने कहा, ऋषभ हालांकि यहां अभ्यास नहीं करेगा। अभी अभ्यास शुरू करने के लिए समय है। जनवरी (2024 तक) वह और बेहतर हो जाएगा। गांगुली ने कहा, हम टीम के बारे में बात कर रहे थे। वह कप्तान है इसलिए आगामी नीलामी के संबंध में उसने अपने विचार रखे। वह इसी वजह से यहां आया ताकि टीम संबंधित कुछ पहलुओं को अंतिम रूप दे सके।

## अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा, जर्मनी से कोई डर नहीं : सविता पूनिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में भले ही दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के साथ रखा गया है लेकिन कप्तान सविता पूनिया का कहना है कि उनकी टीम में इस चुनौती से निपटने की क्षमता है।

रांची में 13 से 19 जनवरी तक चलने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के भारतीय चरण में मेजबान टीम छठे नंबर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसमें अन्य टीम न्यूजीलैंड (नौवें), जापान (11वें), चिली (14वें), अमेरिका (15वें), इटली (19वें) और चेक गणराज्य (25वें) हैं। स्पेन के वालेंसिया में भी अन्य आठ टीमें ओलंपिक स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है और प्रतिद्वंद्वी टीमों की रैंकिंग से हम डरे हुए नहीं हैं। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारत आने वाली सभी मजबूत टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हम जुलाई में जर्मनी से खेले थे इसलिए हम जानते हैं कि हमारी भिंड़त किससे है।

## सुविचार

**इंसान अपनी कमाई के हिसाब से नहीं, अपनी ज़रूरत के हिसाब से गरीब होता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# यह स्थिति क्यों?

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण किस स्तर तक पहुंच गया है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उच्चतम न्यायालय ने भी टिप्पणी की है। 'पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगानी होगी' – न्यायालय अब परिणाम देखना चाहता है। पराली जलाने से रोकने के कई प्रयासों के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण की यह स्थिति क्यों है? अगर राष्ट्रीय राजधानी की हवा सांस लेने लायक नहीं रहेगी तो वहां से देश का राज–काज कैसे चलेगा? उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी में आम जनता की सेहत को लेकर फिक्र महसूस की जा सकती है। उसके ये शब्द सरकारों को आईना दिखाते हैं कि 'प्रदूषण से जुड़ीं कई रिपोर्टें और समितियां हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं हो रहा।' होगा भी कैसे? पर्यावरण स्वच्छता को हमने बहुत गंभीरता से नहीं लिया। ये तो अब हालात मुश्किल हो गए, इसलिए नेतागण के बयान आने लगे हैं। अन्यथा जैसे चला आ रहा था, आगे भी चलता रहता। निस्संदेह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए ठोस समाधान खोजना होगा। इन दिनों सोशल मीडिया पर कभी खबर आती है कि वाहनों पर सम–विषम योजना लागू होगी, कभी खबर आती है कि नहीं लागू होगी। जनता एक ओर तो प्रदूषण से परेशान है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली अपुष्ट खबरें भी सिरदर्द से कम नहीं हैं। आखिरकार दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कह दिया कि 13 नवंबर से 20 नवंबर तक प्रस्तावित वाहनों की सम–विषम योजना लागू नहीं होगी, क्योंकि बारिश के कारण यहां की वायु गुणवत्ता में 'उल्लेखनीय' सुधार हुआ है। अब दीपावली के बाद वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। अगर गुणवत्ता में अचानक गिरावट पाई गई तो सम–विषम योजना पर फैसला लिया जा सकता है।

पता नहीं यह 'उल्लेखनीय' सुधार कितना हुआ है और जरूरत पड़ने पर सम–विषम योजना से हवा कितनी साफ होगी! यह आग लगने पर कुआं खोदने जैसी ही प्रतीत होती है। अगर वाहनों से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करना था तो इसके लिए बहुत पहले तैयारियां करनी थीं। ढूंढ़ने वाले सम–विषम योजना की काट भी ढूंढ़ लेंगे। समृद्ध घरों में पहले से ही दो या इससे ज्यादा गाड़ियां होती हैं। अगर नहीं हैं तो वे एक गाड़ी (सम या विषम नंबर वाली, जो उनके पास पहले नहीं थी) और खरीद लेंगे। उसके बाद एक दिन सम नंबर वाली गाड़ी चलाएंगे, दूसरे दिन विषम नंबर वाली! परेशान होगा आम आदमी, जो एक और गाड़ी खरीदने में समर्थ नहीं है। इससे सार्वजनिक परिवहन तंत्र पर अचानक दबाव बढ़ेगा। बड़ी तादाद में लोग मेट्रो व बसों में सवारी के लिए आएंगे। अब या तो ट्रेनों व बसों की संख्या बढ़ाई जाए या उनके फेरों में बढ़ोतरी की जाए। क्या इसके लिए कोई तैयारी की गई है? सर्वोच्च न्यायालय भी सम–विषम योजना की प्रभावशीलता पर सवाल उठा चुका है, जिसके बाद गोपाल राय को 'समीक्षा' की बात कहनी पड़ी। महाराष्ट्र के लातूर शहर के एक कॉलेज ने पर्यावरण की स्वच्छता के लिए जो कदम उठाया है, देश के अन्य स्कूल–कॉलेजों को इसकी ओर ध्यान देना चाहिए। राजर्षि साहू कॉलेज में 100 स्वदेशी और दुर्लभ पेड़ों का एक 'पुस्तकालय' स्थापित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को इन पौधों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी। वे इनके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित होंगे। ऐसे 'वृक्ष पुस्तकालय' सभी संस्थानों में हों तो वायु प्रदूषण जैसी समस्या का दृढ़ता से सामना किया जा सकता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिए इसे पढ़ाई और परीक्षा से जोड़ा जा सकता है, लेकिन केवल पाठ याद करने तक नहीं, बल्कि धरातल पर कुछ करना होगा। जो विद्यार्थी पांच पौधे लगाकर उनका ध्यान रखें, उन्हें इसके अंक दिए जाएं। कई जगह, विवाह प्रमाण पत्र लेने वाले दंपतियों से नवाचार के तहत पौधे लगवाए जा रहे हैं। इसका विस्तार अन्य क्षेत्रों तक होना चाहिए। जब लोगों को पौधे लगाने पर पर्यावरण के साथ निजी लाभ भी दिखेगा तो कुछ ही वर्षों में देश हरा–भरा हो जाएगा।

## ट्वीटर टॉक




तारानगर विधानसभा क्षेत्र के गोगटिया पट्टा चंगोई, करणपुरा, ढाणी आशा, आनंदसिंहपुरा ग्राम पंचायत की जनता ने इस बार भ्रष्ट और लूट की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना का संकल्प ले लिया है। इसीलिए मोदी साथे राजस्थान हर कोई बोल रहा है।

**–राजेन्द्र राठौड़**



लक्ष्मणगढ़ में बीते 5 वर्ष में उत्तरोत्तर विकास के साथ बेहतर स्वास्थ्य का सपना साकार करते हुए जन–जन के प्रयासों ने इतिहास रचा है। 70 करोड़ की लागत से सुदृढ़, सुगम एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं।

**–गोविंद सिंह डोटासरा**



ईश्वर करे यह सच न हो! और यदि यह हुआ है तो इसकी निंदा के लिए शब्द नहीं हैं। यह अक्षम्य है। विगत वर्षों में क़ानून– व्यवस्था इतनी बिगड़ी है कि रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। इस जंगलराज के ज़िम्मेदार अशोक गहलोत हैं, उन्होंने अपनी तरह पूरे सिस्टम को नाकारा बना दिया है।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# लक्ष्य की प्रतिबद्धता

जंगल में साधु की एक कुटिया थी। एक यात्री हाथ में दीया लिये उधर से गुजरा। दीया उसे राह दिखा रहा था। साधु ने यात्री को रोकते हुए कहा, 'भाई, दिन भर के सफर में थक गए होंगे। रात को कुटिया में ठहर जाओ। सुबह चले जाना।' यात्री नहीं रुका। साधु ने फिर टोका, 'तुम्हारे पास छोटा–सा दीया है, जिसकी रोशनी मंद है। राह में तकलीफ़ हो सकती है।' 'इसे आप मंद प्रकाश कहते हैं।' यात्री ने हैरत से कहा। 'मेरे से यह चार कदम आगे ही रहता है। यात्रा के दौरान यह नन्हा दीया ही मेरा सबसे विश्वसनीय साथी है।' 'लेकिन रास्ते में कई तरह की अड़चन हैं। तुम्हारा जीवन संकट में पड़ सकता है।' साधु ने उसे चेताया। पथिक ने साधु को आश्वस्त करते हुए कहा, 'साहसी व्यक्ति का लक्ष्य निश्चित होता है। लक्ष्य के प्रति समर्पित समय का अर्थ ही जीवन है। हमारे बड़े संघर्ष के सहारे इतिहास की पगडंडी पर असंख्य अमिट चिन्ह छोड़ गये हैं। बिना रुके, बिना थके जो लक्ष्य की ओर बढ़ता रहे, असल में वही जीवित है।' साधु ने यात्री को आशीष देते हुए कहा' 'वत्स! मैं तुमसे संतुष्ट हुआ। तुम्हारी यात्रा शुभ हो।'

## सामयिक

# बागियों के भंवर में फंसी राजस्थान भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**मोबाइल : 9414255034**



राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के वोट डाले जाएंगे। प्रदेश में राज बदलने के प्रयास में लगी भाजपा में बड़ी संख्या में बागी प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने संकट पैदा हो रहा है। राजस्थान में भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों, पूर्व विधायकों व पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुके लोगों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने दूसरे दलों से आये दलबदलुओं को भी बड़ी संख्या में टिकट देकर उपकृत किया है। जिससे पार्टी में बगावत तेज हो गई है।

अपनी टिकट कटने से नाराज भाजपा सरकार में मंत्री रहे तीन बडे. नेताओं ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। इससे भाजपा प्रत्याशियों के समक्ष संकट व्याप्त हो गया है। वसुंधरा राजे के खासमखास रहे पूर्व मंत्री यूनुस खान ने डीडवाना, बंशीधर बाजिया ने खंडेला व कैलाश मेघवाल ने शाहपुरा से निर्दलीय ताल ठोक दी है। हालांकि कैलाश मेघवाल को कुछ दिनों पूर्व ही पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। इसके अलावा भाजपा में डग विधानसभा से पूर्व विधायक रामचंद्र सुनारीवाल, सांचौर सीट पर जालौर के सांसद देवजी पटेल के सामने पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, चित्तौड़गढ़ सीट पर विद्याधर नगर से मौजूदा विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी के सामने चित्तौड़गढ़ के मौजूदा विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

बाड़मेर से पूर्व मंत्री गंगाराम चौधरी की पोती प्रियंका चौधरी ने बगावत कर दी है। प्रियंका चौधरी पिछली बार पार्टी की प्रत्याशी रही थी। मगर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के नजदीकी होने के चलते हैं उनकी टिकट काट दी गई है। सूरतगढ़ सीट से पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, बयाना से पूर्व प्रत्याशी रितु बनावत ने ताल ठोक दी है। रितु बनावत के पति ऋषि बंसल को भरतपुर के जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया गया हैं। बंसल पूर्व में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

कोटा जिले की लाडपुरा सीट पर तीन बार विधायक रह चुके भवानी सिंह राजावत ने दूसरी बार टिकट नहीं मिलने पर मैदान में ताल ठोक दी हैं। 2018 में भवानी सिंह राजावत का टिकट काटकर कोटा राजघराने की कल्पना देवी को भाजपा प्रत्याशी बनाया था। इस बार फिर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी को ही प्रत्याशी बनाया गया है। इससे नाराज होकर भवानी सिंह राजावत ने निर्दलीय फॉर्म भर दिया है। झुंझुनू विधानसभा सीट पर पिछली बार भाजपा के प्रत्याशी रहे राजेंद्र भाम्भू के स्थान पर 2018 के चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़े निषित कुमार को टिकट देने से नाराज होकर राजेंद्र भाम्भू निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर गए हैं।

पिलानी विधानसभा सीट पर सात बार विधायक व मंत्री रहे सुंदरलाल के पुत्र कैलाश मेघवाल का टिकट काट देने से उन्होंने भी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। कैलाश मेघवाल पिछले विधानसभा चुनाव में पिलानी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार गए थे। सीकर सीट पर भाजपा के मौजूदा उप जिला प्रमुख ताराचंद घायल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फॉर्म भर दिया है। फतेहपुर सीट पर नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके मधुसूदन भिंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन फॉर्म भरा है।

कोटपूतली सीट पर पिछली बार के प्रत्याशी मुकेश गोयल, लूणकरणसर से प्रभूदयाल सारस्वत, सुजानगढ़ से राजेंदर नायक, मकराना से हिम्मत सिंह राजपुरोहित, सवाई माधोपुर से आशा मीणा, संगरिया से गुलाब सींवर, मसूदा से जसवीर सिंह खरवा, बस्सी सीट पर भाजपा सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त जितेंद्र मीणा ने निर्दलिय फॉर्म भरा है। वहीं कपासन सीट पर राशमी पंचायत समिति प्रधान दिनेश बुनकर, गढ़ी सीट पर पूर्व प्रधान लक्ष्मण डिंडोर ने नामांकन फॉर्म भरकर भाजपा की धड़कनें बढ़ा दी है। मावली सीट पर भाजपा के कुलदीप सिंह चुंडावत ने पार्टी से बगावत कर आरएलपी से नामांकन भर दिया है। कुंभलगढ़ सीट पर भाजपा के नीरज सिंह राणावत, अनोप सिंह ने भी निर्दलीय नामांकन भरा है। भाजपा ने चुनाव से पहले दूसरे दलों से दल–बदल कर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया को लक्ष्मणगढ़ से प्रत्याशी बनाया है जहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से होगा। कांग्रेस से सांसद रही ज्योति मिर्धा को भाजपा ने नागौर सीट पर मौजूदा विधायक सोहनलाल चौधरी का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया है। जहां उनका मुकाबला अपने ही चाचा व कांग्रेस प्रत्याशी हरेंद्र मिर्धा से होगा। ज्योति मिर्धा मारवाड़ के दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती है। कोटपूतली से हंसराज पटेल, धौलपुर से डॉक्टर शिवचरण कुशवाहा, खंडेला से सुभाष मील, वल्लभनगर से उदयलाल डांगी, करौली से दर्शन सिंह गुर्जर बाड़ी से गिरिराज सिंह मलिंगा, सादुलपुर से सुमित्रा पूनिया को टिकट दिया गया है। सुमित्रा पूनिया कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया के पुत्रवधू है।

टोडाभीम सीट से रामनिवास मीणा को टिकट दिया गया है। पूर्वी नहर परियोजना को लेकर रामनिवास मीणा लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं और क्षेत्र में पानी वाले बाबा के नाम से जाने जाते हैं। शाहपुरा से उपेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। उपेन यादव राजस्थान बेरोजगार महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष है व पिछले लंबे समय से युवा बेरोजगारों की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा ने इस बार आदर्श नगर से अशोक परणामी, सिविल लाइन से अरुण चतुर्वेदी का भी टिकट काट दिया है। यह दोनों ही नेता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं तथा वसुंधरा राजे के करीबी माने जाते हैं। कहने को तो भाजपा में कई वसुंधरा समर्थकों को टिकट मिलने की बात की जा रही है। मगर जिस तरह से प्रहलाद गुंजल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष घुटने टेक कर टिकट प्राप्त किया है उससे तो यही लगता है कि अब नाम को ही वसुंधरा समर्थक रह गए हैं। बाकी जिनको भी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है उन सब से पार्टी के नाम पर वादे करवाए गए हैं। हालांकि वसुंधरा राजे स्वयं झालरापाटन से चुनाव लड़ रही है। मगर उनके बहुत से कट्टर समर्थकों को चुनावी मैदान से दूर कर भाजपा ने उन को उनकी औकात दिखा दी है।

अनुशासन के लिए विख्यात भाजपा में इस बार जिस तरह से टिकटों की बंदरबांट हुई है तथा दलबदलुओं को हाथों हाथ टिकट दी गई है। उससे पार्टी का चाल, चरित्र व चेहरा बेनकाब हो गया है। भाजपा में जो लोग वर्षों से काम कर रहे थे उनको भी इससे बहुत निराशा हुई है। जिस तरह से पार्टी ने टिकट बांटे हैं उसे देखकर तो यही लगता है कि भाजपा को चुनावी मैदान में कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है।

## विशेष

# पापों से मुक्ति का पर्व है नरक चतुर्दशी

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मोबाइल : 9414441218**

सनातन धर्म में नरक चतुर्दशी का त्योहार बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। दीपावली से एक दिन पहले और धनतेरस के एक दिन बाद नरक चतुर्दशी का त्योहार मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 11 नवंबर 2023 को मनाया जाएगा। नरक चतुर्दशी 11 नवंबर को दोपहर 01:57 मिनट से लेकर इसका समापन दिनांक 12 नवंबर को दोपहर 02:44 मिनट पर होगा। इस दिन रूप निखारा जाता है। इसलिए इसे रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। इसके लिए सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने की परंपरा है।

देश में छह दिवसीय दीपावली पर्व की श्रृंखला में नरक चतुर्दशी का त्योहार लोग बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाते है। नरक चतुर्दशी बुराई पर अच्छाई की जीत के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता है नरक चतुर्दशी के दिन घरों में माता लक्ष्मी का आगमन होता है और दरिद्रता दूर होती है। नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम होता है और सकारात्मकता ऊर्जा का संचार होता है। विद्वानों के अनुसार इस दिन पर भगवान कृष्ण की पूजा– अर्चना करनी चाहिए। इस दिन को हमारे देश में छोटी दिवाली के रूप में भी मनाते हैं। मान्यता है नरक चतुर्दर्शी पर घर को रोशनी, फूलों और अन्य सजावटी सामग्री से सजाना चाहिए। इस अवसर पर भगवान कृष्ण का आशीर्वाद और शाम के समय अपने घर में 11 मिट्टी के दीपक जलाएं। नरक चतुर्दशी के दिन घरों में दीपक जलाने की परंपरा है। पंचांग के अनुसार इस दिन यमराज के नाम का दीया जलाया जाता है। बताया जाता है। इस दिन यम देव की पूजा करने से अकाल मृत्यु का डर खत्म होता है। इस दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान करके यम तर्पण एवं शाम के समय दीप दान का बड़ा महत्व है।

नरक चतुर्दशी के पर्व को मनाए जाने के पीछे एक बड़ी ही रोचक कथा जुड़ी हुई है। पौराणिक मान्यता के अनुसार प्राचीन काल में नरकासुर नाम के राक्षस ने अपनी शक्तियों से देवताओं और ऋषि–मुनियों के साथ 16 हजार एक सौ सुंदर राजकुमारियों को भी बंधक बना लिया था। इसके बाद नरकासुर के अत्याचारों से त्रस्त देवता और साधु–संत भगवान श्री कृष्ण की शरण में गए। नरकासुर को स्त्री के हाथों मरने का श्राप था, इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा की मदद से कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नरकासुर का वध किया और उसकी कैद से 16 हजार एक सौ कन्याओं को आजाद कराया। कैद से आजाद करने के बाद समाज में इन कन्याओं को सम्मान दिलाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने इन सभी कन्याओं से विवाह कर लिया। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए। कहा जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परंपरा शुरू हुई।

## उत्सव



# क्यों मनाते हैं दीपावली पर्व ?



**हर्षवर्धन पाण्डे**

हिन्दू परंपरा में त्योहार से आशय उत्सव और हर्षोल्लास से लिया जाता है। अपने देश की बात की जाए तो यहाँ मनाये जाने वाले त्योहारों में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। यहाँ मनाये जाने वाले सभी त्योहार कमोवेश परिस्थिति के अनुसार अपने रंग, रूप और आकार में भिन्न हो सकते हैं लेकिन इनका अभिप्राय आनंद की प्राप्ति ही होता है। बेशक अलग –अलग धर्मों में त्योहार मनाने के विधि विधान भिन्न हो सकते हैं लेकिन सभी का मूल मकसद बड़ी आस्था और विश्वास का संरक्षण होता है। सभी त्योहारों से कोई न कोई पौराणिक कथा जुडी हुई है जिनमें से सभी का सम्बन्ध आस्था और विश्वास से है। यहाँ पर यह भी कहा जा सकता है इन त्योहारों की पौराणिक कथाएँ भी प्रतीकात्मक होती हैं। कार्तिक मॉस की अमावस के दिन दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। दीपावली का त्योहार महज त्योहार ही नहीं है, इसके साथ कई पौराणिक गाथाएं भी जुडी हुई हैं।



दीपावली की शुरुआत आमतौर पर कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन से होती है जिसे धनतेरस कहा जाता है। इस दिन आरोग्य के देव धन्वन्तरी की पूजा अर्चना का विधान है। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथों में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि चूँकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। लोकमान्यताओं के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन वस्तु खरीदने से उसमें कई गुना वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग–बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है जिसके सम्भव न हो पाने पर लोग चाँदी के बने बर्तन खरीदते हैं। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। सन्तोष को सबसे बड़ा धन कहा गया है वही आज के समय में लोगों को नहीं है। जिसके पास सन्तोष है वह स्वस्थ है, सुखी है, और वही सबसे धनवान है। भगवान धन्वन्तरि जो चिकित्सा के देवता भी हैं। उनसे स्वास्थ्य और सेहत की कामना के लिए संतोष रूपी धन से बड़ा कोई धन नहीं है। इसी दिन भगवान को प्रसन्न रखने के लिए नए नए बर्तन, आभूषण खरीदने का चलन लम्बे समय से चला आ रहा है। यह अलग बात है मौजूदा दौर में बाजार अपने हिसाब से सब कुछ तय कर रहा है और पूरा देश चकाचौंध के साये में जी रहा है जहां अमीर के लिए दीवाली ख़ुशी का प्रतीक है वहीँ गरीब आज भी दीपावली उस उत्साह और चकाचौंध के साये में जी कर नहीं मना पा रहा है जैसी उसे अपेक्षा है। आज समाज में अमीर और गरीब की खाई दिनों दिन गहराती ही जा रही है। धनतेरस के दूसरे दिन नरक चौदस मनाई जाती है जसी छोटी दीपावली भी कहते हैं। कहा जाता है कि जब वासुदेव श्रीकृष्ण ने नरकासुर राक्षस के प्राण हरे थे, तो उसके बाद उन्होंने तेल और उबटन से स्नान किया था और यहीं से उबटन लगाने की परंपरा शुरू हुई। ऐसा माना जाता है इस दिन कृष्ण ने नरकासुर रक्षक का वध कर उसके कारागार से तकरीबन 16000 कन्याओं को मुक्त किया था। माना जाता है कि नरक चतुर्दशी के दिन ऐसा करने से नरक से मुक्ति मिलती है और स्वर्ग की प्राप्ति होती है। इस वजह से इस दिन महिलाएं खासतौर से उबटन से स्नान करती हैं। स्वर्ग के साथ उन्हें सौभाग्य का भी वरदान मिलता है। इस दिन किसी पुराने दिए में सरसों के तेल में पांच अन्न के दाने डालकर घर में जलाकर रखा जाता है जो दीपक यम दीपक कहलाता है। तीसरे दिन अमावस की रात दीपावली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन गणेश जी और लक्ष्मी की स्तुति की जाती है। दीवाली के बाद अन्नकूट मनाया जाता है। लोग इस दिन विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर गोवर्धन की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है कृष्ण ने नंदबाबा और यशोदा और ब्रजवासियों को इन्द्रदेव की पूजा करते देखा ताकि इन्द्रदेव ब्रज पर मेहरबान हो जाये तो उन्होंने ब्रज के वासियों को समझाया कि जल हमको गोवर्धन पर्वत से मिलता है जिससे प्रभावित होकर सबने गोबर्धन को पूजना शुरू कर दिय। यह बात जब इंद्र को पता चली तो वह आग बबूला हो गए और उन्होंने ब्रज को बरसात से डूबा देने की ठानी जिसके बाद भारी वर्षा का दौर बृज में देखने को मिला। सभी रहजन वासुदेव श्रीकृष्ण के पास गए और तब कान्हा ने तर्जनी पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया। पूरे सात दिन तक भारी वर्षा हुई पर ब्रजवासी गोवर्धन पर्वत के नीचे सुरक्षित रहे। सुदर्शन चक्र ने उस दौर में बड़ा काम किया और वर्षा के जल को सुखा दिया। बाद में इंद्र ने कान्हा से माफ़ी मांगी और तब सुरभि गाय ने कान्हा का दुग्धाभिषेक किया जिस मौके पर 56 भोग का आयोजन नगर में किया गया। तब से गोबर्धन पर्वत और अन्नकूट की परंपरा चली आ रही है।

शुक्ल द्वितीया को भाई दूज मनायी जाती है। कहा जाता है यम और यमुना सूर्य के दो बच्चे थे और एक बार यमुना ने अपने भाई को अपने साथ भोजन करने के लिए घर पर आमंत्रित किया था लेकिन यम ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण पहले तो इनकार कर दिया, लेकिन कुछ देर के बाद उसने महसूस किया कि उसे जाना चाहिए क्योंकि उसकी बहन ने उसे बहुत प्यार से आमंत्रित किया है। अंत में, वह उसके पास गया और यमुना ने उसका स्वागत किया और उसके माथे पर तिलक भी लगाया। यम वास्तव में उसके आतिथ्य से बेहद खुश हुआ और उसे एक इच्छा माँगने के लिए कहा। तब यमुना ने कहा कि जो इस दिन अपनी बहन से मिलने जाएगा, उसे मृत्यु का भय नहीं रहेगा। उनके भाई ने खुशी से 'तथास्तु' कहा और यही कारण है कि हम भाई दूज का त्यौहार मनाते हैं। मान्यता है यदि इस दिन भाई और बहन यमुना में स्नान करें तो यमराज आस पास भी नहीं फटकते।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# अयोध्या : जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दिवाली पर राम मंदिर को सजाया गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अयोध्या (उप्र)/भाषा। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अगले साल जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दिवाली के मौके पर राम मंदिर को पूरे जोर-शोर के साथ सजाया जा रहा है। दीपोत्सव और दिवाली मनाने के लिए मंदिर को फूलों समेत भव्य रूप से सजाया जा रहा है।

राम मंदिर में राम लला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी, 2024 को आयोजित किया जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा देशभर से हजारों साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है। राम मंदिर के खंभों को राज्यों के अलग-अलग हिस्सों से आए कारीगरों द्वारा अलग-अलग डिजाइन से तराशा जा रहा है। राम मंदिर के अंदर के खंभों पर भगवान गणेश के अलावा अन्य देवताओं की मूर्तियां उकेरी गई हैं, जिसका पीटीआई की वीडियो टीम ने अवलोकन किया।

राम मंदिर के निर्माण में शामिल श्रमिक पूरे उत्साह से भरे हुए हैं। वे अपने श्रम के साथ-साथ अपनी आस्था को भी प्रदर्शित करने का मौका चूक नहीं रहे हैं। श्रमिकों को गर्भगृह में स्थापित करने के लिए सोने की परत चढ़ाया हुआ एक भारी दरवाजा लगाते समय 'जय श्री राम' का नारा लगाते सुना गया।

निर्माण कार्य में लगे उत्साहित श्रमिकों ने कहा कि वे खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं। उड़ीसा के कारीगर गोपीनाथ भगवान गणेश की मूर्ति सहित विभिन्न मूर्तियों और देवताओं के डिजाइन के साथ स्तंभों को तराशने में लगे हुए हैं। गोपीनाथ ने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा से कहा, मैं पिछले चार महीनों से यहां काम कर रहा हूं और मेरे लिए राम मंदिर निर्माण का हिस्सा बनना गर्व की बात है।

गोपीनाथ ने कहा, जब मेरे परिवार को पता चला कि मैं यहां मंदिर में काम करूंगा तो उन्होंने इस पर खुशी व्यक्त की क्योंकि केवल कुछ भाग्यशाली लोगों को ही राम मंदिर निर्माण का हिस्सा बनने का मौका मिलता है। एक अन्य कारीगर, आशुतोष पांडे ने कहा, भगवान राम के अनुयायी के रूप में, मैं यहां राम मंदिर में काम करके बहुत खुश हूं। मेरे परिवार के सदस्य गर्व से गांव में हमारे पड़ोसियों को यहां मेरे काम के बारे में बताते हैं।

सफेद संगमरमर से बनाए जा रहे 'गर्भ गृह' के आसपास के क्षेत्र को दिवाली के लिए गेंदे के फूलों से सजाया गया है। अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह के भीतर का क्षेत्र, जहां भगवान राम की मूर्ति स्थापित की जानी है, को भगवा रंग से सजाया गया है।

## प्रदर्शन




पटना में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने शुक्रवार को शीतकालीन सत्र के दौरान स्पीकर कक्ष के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

# भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर मप्र में कांग्रेस सरकार गिराई थी : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बड़वानी (मप्र)/भाषा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने धनबल का इस्तेमाल कर मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार को गिरा दिया था।

वर्ष 2018 में विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आई कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति वफादार कई विधायकों के विद्रोह के बाद गिर गई थी।



बागी विधायक भाजपा में शामिल में हो गए, जिससे मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया।

बड़वानी के राजपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हमने पिछले विधानसभा चुनाव में कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था। हमने 25 लाख किसानों का कर्ज माफ किया लेकिन भाजपा और उनके बड़े उद्योगपति मित्रों ने विधायकों को पैसा देकर आपकी सरकार छीन ली।

भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल आदिवासियों को 'वनवासी' कहता है, जबकि सही शब्द आदिवासी या मूल निवासी है, जिसका उपयोग कांग्रेस करती है।

गांधी ने दावा किया कि जंगल सिकुड़ रहे हैं और 15 साल बाद भाजपा 'वनवासियों' को शहरों में जाकर भीख मांगने के लिए कहेगी।

सीधी मामले का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, क्या आपने किसी भाजपा नेता को किसी जानवर पर पेशाब करते देखा है? लेकिन एक भाजपा नेता ने एक आदिवासी व्यक्ति के चेहरे पर पेशाब किया, वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। वे बेशर्म हैं। इस वीडियो में उनकी सोच छिपी हुई है।

गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस चाहती है कि आदिवासी समुदाय के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और उद्योगपति बनें, वहीं भाजपा उन्हें अंग्रेजी शिक्षा से दूर रखना चाहती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नौकरियों का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा नेता चाहते हैं कि उनके बेटे और बेटियां अंग्रेजी पढ़ें, लेकिन वे चाहते हैं कि आदिवासी इससे दूर रहें। उन्होंने कहा कि मप्र में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस जाति जनगणना कराएगी ताकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की सही संख्या पता चल सके और उसके अनुसार लाभ दिया जा सके। मप्र में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे, जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

# पाकिस्तान की अंतरिम सरकार, आईएमएफ समीक्षा वार्ता में बैकअप उपायों पर सहमत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान की अंतरिम सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) इस बात पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं कि अगर राजकोषीय और मौद्रिक लक्ष्यों से महत्वपूर्ण विचलन के कारण नकदी संकट से जूझ रहे देश को तीन अरब अमेरिकी डॉलर के मौजूदा राहत पैकेज के व्यापक लक्ष्य को खतरा होता है, तो साल के अंत तक बैकअप उपाय सक्रिय किए जाएंगे। शुक्रवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट से यह बात सामने आई है।

मामले से अवगत सूत्रों ने 'द डॉन' अखबार को बताया कि आईएमएफ का एक दल और पाकिस्तानी अधिकारी शुक्रवार को तकनीकी स्तर की चर्चा का समापन करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, चर्चा में नवीनतम डेटा का आदान-प्रदान किया जाएगा, जो केवल सितंबर अंत के तिमाही प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिसमें सभी व्यापक आर्थिक क्षेत्रों और उनके दूरंदेशी परिणामों से जुड़े सवालों के जवाब एवं स्पष्टीकरण भी शामिल होंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि औपचारिक नीति-स्तरीय वार्ता जहां सोमवार से शुरू होने की उम्मीद है, वहीं दोनों पक्ष भविष्य की कार्रवाई पर सहमत हैं, जिसमें खुदरा क्षेत्र पर कराधान का दायरा बढ़ाना और किसी भी कमी के मामले में रियल एस्टेट-आधारित राजस्व संग्रह के लक्ष्य में सुधार करना शामिल है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगर राजकोषीय और मौद्रिक लक्ष्यों से महत्वपूर्ण विचलन ऋण पैकेज को खतरे में डालता है, तो दोनों पक्ष साल के अंत तक बैकअप उपायों को सक्रिय करने पर सहमत हुए हैं।

इसमें कहा गया है कि मामूली राजस्व अंतर की सूरत में पहली जनवरी से प्रभावी अध्यादेश के माध्यम से खुदरा विक्रेताओं के लिए एक निश्चित कराधान योजना पेश की जा सकती है, जिसके बाद रियल एस्टेट के लिए भी ऐसी कवायद की जा सकती है।




# फिल्म 'डीएफओ' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म डीएफओ का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म डीएफओ में यश कुमार एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो फिल्म के फर्स्ट लुक में भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म के निर्माता वेणुगोपाल के ठक्कर, अमित गुप्ता और अखिलेश सिंह हैं। फिल्म के लेखक -निर्देशक अजय सिंह है और सह निर्माता विक्की यादव है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक को लेकर यश कुमार ने कहा कि डीएफओ एक बेहतरीन फिल्म होने वाली है। इसके लिए मैंने खूब तैयारी भी की थी। फिल्म की कहानी दर्शकों को रोमांच की ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। मैं खुद को लकी मानता हूं कि मुझे ऐसी स्क्रिप्ट के साथ काम करने का मौका मिला है। यह फिल्म अपने बिहार की माटी की है और इससे बिहार के लोग कनेक्ट कर पाएंगे। फिल्म में बहुत कुछ ऐसा है जो दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा करेगी, लेकिन अभी उसे पर से पर्दा हटाना उचित नहीं होगा। लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि फिल्म डीएफओ हर किसी को देखना चाहिए। भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में ऐसी फिल्में एक ट्रेंड सेट करती हैं। मुझे भरोसा है कि हमारे दर्शकों को हमारी फिल्म पसंद आएगी और वह इसे खूब प्यार और आशीर्वाद देंगे। कैप्टन वीडियो प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत और प्रोवाइड प्रोडक्शन की फिल्म डीएफओ के संगीतकार साजन मिश्रा हैं। फिल्म के गीतकार शेखर मधुर और धर्म हिंदुस्तानी हैं।

# पाकिस्तान में पासपोर्ट के लिए लेमिनेशन पेपर की भारी किल्लत

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान में पासपोर्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले 'लेमिनेशन पेपर' की भारी किल्लत के परिणामस्वरूप आर्थिक संकट से जूझ रहे देश में प्रमुख यात्रा दस्तावेज जारी करने में भारी गिरावट आई है। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

'लेमिनेशन पेपर' आमतौर पर फ्रांस से आयात किया जाता है।

'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पढ़ाई, काम या छुट्टियां मनाने के सिलसिले में विदेश यात्रा के लिए जिन लोगों को पासपोर्ट की जरूरत है, उनकी मुश्किलों का कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। खबर में नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर पेशावर के पासपोर्ट कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि कार्यालय में फिलहाल प्रति दिन केवल 12 से 13 पासपोर्ट ही तैयार किए जा रहे हैं, जबकि पहले प्रतिदिन 3,000 से 4,000 पासपोर्ट बनते थे।

विभिन्न क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों के सूत्रों का भी हवाला देते हुए कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि यह समस्या कब हल होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को एक या दो महीने तक इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, पाकिस्तान ऑब्जर्वर' पोर्टल ने गृह मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा, पाकिस्तान ने लेमिनेशन पेपर का ऑर्डर दे दिया है और उन्हें एक हफ्ते में इसकी आपूर्ति हो जाएगी। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों का हवाला देते हुए खबर में यह भी कहा गया कि (क्षेत्रीय) कार्यालयों को दैनिक आधार पर पासपोर्ट के नवीनीकरण या उन्हें जारी करने के लिए 25,000 तक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, ऐसे देश में 'लेमिनेशन पेपर' की कमी के कारण आवेदनों की संख्या अब बढ़कर 5,00,000 तक पहुंच गई है।

# सिख-अमेरिकी जग बैंस ने बिग ब्रदर जीतकर इतिहास रचा

लॉस एंजिलिस/भाषा। वाशिंगटन के एक उद्यमी और ट्रक कंपनी के मालिक जग बैंस ने रियलिटी शो बिग ब्रदर' जीतने वाला पहला सिख-अमेरिकी बनकर इतिहास रच दिया। बैंस (25) ने पेशेवर तैराक मैट क्लॉट्ज और डीजे बॉवी जेन को हराकर 100 दिवसीय कार्यक्रम में शीर्ष स्थान हासिल किया।बैंस अमेरिका में बिग ब्रदर हाउस में प्रवेश करने वाले पहले सिख-अमेरिकी थे और अब वह अंतरराष्ट्रीय रियलिटी सीरीज के 25वें सीज़न में अमेरिकी संस्करण में जीत हासिल करने वाले पहले सिख-अमेरिकी बन गए हैं। बिग ब्रदर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक हैंडल पर कार्यक्रम के परिणामों की घोषणा की।



# पंकज त्रिपाठी की 'कड़क सिंह' जी5 पर होगी रिलीज

मुंबई/भाषा

पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'कड़क सिंह' सीधे तौर पर ओटीटी मंच जी5 पर रिलीज होगी। जी5 ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। 'पिंक' और 'लॉस्ट' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने 'कड़क सिंह' का निर्देशन किया है। इस फिल्म को एक आकर्षक थ्रिलर के रूप में पेश किया गया है। त्रिपाठी, 'कड़क सिंह' में एके श्रीवास्तव का किरदार निभा रहे हैं जिसे भूलने की बीमारी है।

फिल्म में किरदार की बीमारी उसकी बीती जिंदगी के रहस्यों से पर्दा उठाती है।

फिल्म में संजना सांघी ने भी काम किया है। चौधरी ने 'कड़क सिंह' को एक विशेष फिल्म बताते हुए कहा कि यह फिल्म आम लोगों के प्रति एक सरकारी अधिकारी की जिम्मेदारी से जुड़ी है। निर्देशक ने एक बयान में कहा, 'इस फिल्म में त्रिपाठी और सांघी ने पिता-बेटी के बीच की कहानी को दर्शाने में बहुत अच्छा काम किया है। पार्वती और जया अहसन सहित बड़े कलाकारों और सहयोगियों के बीच काम करना बहुत अच्छा रहा जिसमें हर किसी ने अपनी क्षमता से बेहतर काम किया।'

# फिल्म 'श्री' अगले साल मई में रिलीज होगी

मुंबई/भाषा

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म 'श्री' अगले साल 10 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन पर आधारित है। 'टी-सीरीज' और 'चॉक एन चीज फिल्म्स प्रोडक्शन एलएलपी' के बैनर तले बन रही 'श्री' का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है। फिल्म की पटकथा जगदीप सिद्धू और सुमित पुरोहित ने लिखी है। फिल्म निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फिल्म 'श्री' उद्योगपति श्रीकांत बोल्ला के जीवन को चित्रित करती है। उन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पीछा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।

भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 सिंतबर 2023 को रिलीज होने वाली थी।



# सारा अली खान की दिवाली पार्टी में करण जौहर, अनन्या, कार्तिक समेत बी-टाउन सेलेब्स ने की शिरकत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने अपने परिवार और दोस्तों के लिए दिवाली पार्टी होस्ट की। गुरुवार को एक्ट्रेस ने मुंबई आवास पर एक पार्टी रखी। इस पार्टी में करण जौहर, अनन्या पांडे, निधि दत्ता, सिद्धि दत्ता, बिंदिया दत्ता और आदित्य रॉय कपूर जैसी बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। पार्टी की अंदर की तस्वीरें अब सामने आ रही हैं और इसमें सारा की मां अमृता सिंह भी नजर आईं। सारा और अनन्या दोनों ने पार्टी के लिए एथनिक आउटफिट्स पहने, जहां अनन्या ने पिंक कलर का शरारा लहंगा पहना था, वहीं सारा ने गोल्डन-वाइट कलर का आउटफिट चुना। निर्देशक जे.पी. दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दिवाली पार्टी की कई तस्वीरें शेयर कीं।

उन्होंने अनन्या और सारा के साथ पोज दिए और तस्वीरों की एक सीरीज में दिवाली पार्टी के फूलों की सजावट की झलक भी दिखाई।

कार्तिक आर्यन, जिन्होंने सारा और अनन्या दोनों को अलग-अलग समय पर डेट किया, भी इस पार्टी में शामिल हुए। जहां कार्तिक और सारा ने 'लव आज कल' में साथ काम किया, वहीं उन्होंने और अनन्या ने 'पति पत्नी और वो' में स्क्रीन शेयर की। कुछ महीने पहले सारा कार्तिक के घर गणपति उत्सव समारोह में भी शामिल हुई थीं

# 'सत्यभामा' का टीजर रिलीज




हैदराबाद/एजेन्सी

एक्ट्रेस काजल अग्रवाल की अपकमिंग फिल्म 'सत्यभामा' का धमाकेदार टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें एक्ट्रेस सख्त पुलिसकर्मी और नारी शक्ति की एक नई इमेज लेकर आ रही हैं। टीजर में, काजल एसीपी सत्यभामा के किरदार में हैं, जिसे सस्पेंड किया जाता है। दरअसल, जिस व्यक्ति की एसीपी को रक्षा करनी थी, उसकी लाश उनके ही कार के अंदर पाई जाती है। इस घटना के बाद उन्हें कानूनी तौर पर सस्पेंड कर दिया जाता है। पहले से कहीं अधिक दृढ़, काजल अब अकेले ही अपराधियों को खत्म कर रही है। उन्हें एक फ्यूरियस फाइटर के रूप में दिखाया गया है जो किसी भी तरह के हमलावर से मुकाबला कर सकती हैं। टीजर में हत्यारे का पीछा करते हुए एनकाउंटर सीन को भी दिखाया गया है। प्रेस ने उनसे पूछा कि क्या मामले से उनके सस्पेंड का मतलब यह है कि मामला खत्म हो गया है, तो उन्होंने गुस्से में जवाब दिया, कभी नहीं। रोमांच, रहस्य और एक्शन से भरपूर, 'सत्यभामा' नारी शक्ति के साथ-साथ एक मनोरंजक और टाइट नैरेटिव दोनों पर केंद्रित है। यह फिल्म एक क्राइम-थ्रिलर है, जिसमें बहुत सारे टिपिकल मसाला एलिमेंट्स हैं।

सुमन चिक्कला द्वारा निर्देशित और लिखित, 'सत्यभामा' में काजल अग्रवाल, नवीन चंद्रा, प्रकाश राज, नागिनेदु, हर्षवर्द्धन, रवि वर्मा, अंकित कोय्या, संपदा एन, प्रज्वल यादमा, नेहा पठान, अनिरुद्ध पवित्रन, सत्या प्रदीप्ति, रोहित सत्यन, कोदाती पवन शामिल हैं। कल्याण मुख्य भूमिका में हैं। म्यूजिक श्रीचरण पकाला ने कंपोज किया है और स्क्रीनप्ले शशि किरण टिक्का ने तैयार किया है। 'सत्यभामा' 2024 में रिलीज होगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8



# संत वही जो सौहार्द बढ़ाए : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शसुन जैन कॉलेज के जैनविद्या विभाग में शोध साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने चिंताद्रिपेट स्थित जैन स्थानक में कहा कि समाज में आपसी स्नेह, सौहार्द और समता की बहुत आवश्यकता है। इसे हर कीमत पर बनाए रखा जाना चाहिये। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कुछ साधु साध्वी भी सौहार्द के झरने को अवरुद्ध कर देते हैं। सच्चा संत वही जो जोड़ने का कार्य करे, सौहार्द बढ़ाए। संत की तोड़ने की बात की उपेक्षा करनी चाहिये।

श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन एसोसिएशन के मंत्री राजेश ओस्तवाल व उपाध्यक्ष सुरेश रांका ने धींग के साथ बिताए पलों को याद किया। संयोजक वरिष्ठ श्रावक उमगचंद मुणोत ने बताया कि स्थानक में प्रतिदिन सामायिक, स्वाध्याय आदि आराधना होती है। इस अवसर पर डॉ. धींग ने स्थानक पुस्तकालय के लिए अभुषा फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित अपना साहित्य भेंट किया।




# तेरापंथ थली परिषद द्वारा 'दिल वाली दिवाली' का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय तेरापंथ थली परिषद् के तत्वावधान में गोपालपुरम स्थित गीता भवन में पारंपरिक दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम 'दिल वाली दीवाली' का आयोजन एक रंगारंग सांस्कृतिक समारोह के रूप में किया गया। अध्यक्ष राजेन्द्र हीरावत ने सभी का स्वागत किया। गीत व नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात मंच का संचालन करते हुए रिंकू संकलेचा द्वारा उपस्थित जनों कोविभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल खिलाए गए। सभी विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक विविध चरणों में 7 लकी ड्रा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गए। साथ ही कार्यक्रम में परिवार सहित सबसे पहले पहुँचने वाले 25 सदस्यों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंत्री प्रकाश फुलफगर ने राजस्थानी भाषा में आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज की गरिमामय उपस्थिति ही किसी कार्यक्रम की सफलता तय करती है। उन्होंने कार्यक्रम की संयोजना में प्रमुख सहयोगी महिला सदस्यों के प्रति आभार जताया। समाज की महिला शक्ति ने सांस्कृतिक व मंचीय व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में चेयरमैन महेंद्र चोरडिया, विजय बैद सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।




# महावीर के सिद्धांत हैं समाधानकारी : साध्वी शिवमाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के ट्रिप्लीकेन स्थित तेरापंथ भवन में शसुन जैन कॉलेज के डॉ. दिलीप धींग द्वारा साक्षात्कार संवाद में साध्वी शिवमालाजी ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत का सही रूप से आचरण हो तो अनेक समस्याएं समाप्त हो सकती है। आचार्य तुलसी ने समण श्रेणी का शुभारंभ किया। आज देश दुनिया में समणियां जैन धर्म, अहिंसा और भारतीय संस्कृति का प्रचार कर रही है। साध्वी अमितरेखाजी ने खुले में मांस बिक्री को अनुचित बताया। तेरापंथ ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद सेठिया ने कहा कि 'खुले में मांस बिक्री' इस विषय पर स्थानीय प्रशासन से समाधान का निवेदन किया जा सकता है। अध्यक्ष सुरेश संचेती और मंत्री विजयकुमार गेलड़ा ने डॉ. दिलीप धींग और निर्मलराज का सम्मान किया। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष लता पारख और मंत्री हेमलता नाहर उपस्थित थीं।

# तमिलनाडु में सरकारी योजना में सात लाख से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने महिलाओं को 1,000 रुपये की मासिक सहायता देने से संबंधित योजना का विस्तार करते हुए शुक्रवार को सात लाख से अधिक लाभार्थियों को इस योजना में शामिल किया। योजना में 7.35 लाख नए लाभार्थियों को शामिल करने के मौके पर स्टालिन ने यहां एक सरकारी कार्यक्रम में छह लाभार्थियों को बैंक 'डेबिट कार्ड' दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, यह इतनी बड़ी योजना है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं और इसमें छोटी सी शिकायत की भी गुंजाइश नहीं है। यह इस योजना की सबसे बड़ी जीत है, जो पूरे देश के लिए एक मॉडल है। स्टालिन ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सावधान है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी पात्र महिलाओं के पंजीकरण का काम जारी रहेगा। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की प्रमुख योजना कलैगनार मगलिर उरीमाई थित्तम, (महिलाओं के अधिकार के लिए कलैगनार योजना) 15 सितंबर, 2023 को शुरू की गई थी।

## दीपावली उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु। जयगोपाल गारोदिया मैट्रिक एचआर सेकेंडरी स्कूल अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस मौके पर दीपावली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ हुआ। प्राचार्या आर. हेमामालानी ने कुथुविलक्कु जलाया तथा सभी को शुभ दिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पटाखे फोड़ते समय सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# दीपावली पर ज्ञान, विवेक, परोपकार का दीपक जलाएं : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केसरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि जिस तरह फूल के अंदर कमल का फूल श्रेष्ठ है, ज्योतिष मंडल के अंदर सूर्य ग्रह श्रेष्ठ है, इसी तरह पर्वों की तेजस्विता के अंदर दीपावली त्यौहार श्रेष्ठ है। जैन शासन के अंदर नवकार आराधना के लिए उपधान तप को बताया गया है। जो त्याग के प्रेमी हो, विरति धर्म के चाहक हो, परमात्मा के प्रति अत्यंत श्रद्धांवित हो उन्हें ही उपधान तप का अधिकार दिया गया है। जिन्हें नवकार से आगे कुछ नहीं आता, क्रिया भी नहीं आती, वे भी उपधान तप कर सकते हैं। आराधना में सहनशक्ति आवश्यक है। कभी-कभी हम जीवन में आवास और भ्रांति में जीते हैं। हमें कोई भी वस्तु को कठिन नहीं समझना चाहिए। कठिन तभी लगता है, जब हम उसे कठिन समझते हैं। दिमाग की सोच मन की शक्ति का विकास करती है। पुरूषार्थ ज्यादा हो, पुण्य कम हो तो भी अच्छे टारगेट को टच कर सकता है। पुरुषार्थ में पुण्य को अर्जित करने की ताकत है। मन में इच्छा शक्ति और दृढ़ धारणा होनी चाहिए। मन की जीत जीवन की संजीवनी होती है। संजीवनी यानी तुरंत लाभ देने वाली औषध।

जीवन में शुभ कार्य के लिए हार नहीं मानना चाहिए। कभी कभार प्रमाद, आलस्य, अपेक्षा, विलासिता हमारी शक्ति को दबा देती है। जीवन में असातावेदनीय कर्म उदय होने पर शरीर की सहायता नहीं रहती। सातावेदनीय कर्म को बढ़ाने के लिए दूसरों को पीड़ा नहीं देना और उसके बारे में सोचना भी नहीं। इसका उपाय पौषध बताया गया है, जिसमें छःकाय जीवन की रक्षा होती है।

आचार्यश्री ने कहा कि धर्म वही सर्वश्रेष्ठ है, जहां जयणा हो। कहा गया है जयणा जनस्य जननि। जो धर्म को थोड़ा बहुत जानता है, उसकी माता जयणा है। जयणा के बिना का धर्म बिना शक्कर की मिठाई जैसा है। पौषध परमात्मा को स्पर्श करने का ध्यान योग है। उन्होंने कहा ज्ञान का दीपक, विवेक का दीपक, विरति धर्म का दीपक और परोपकार का दीपक इस दिवाली पर जलाना है। परमात्मा ने अंतिम श्वासोश्वास तक देशना दी, यह अद्भुत परोपकार का उदाहरण है। अधिक से अधिक परोपकार महावीर स्वामी का सूत्र है। तीर्थंकर स्वरूप दशा में रहकर जनकल्याण करते हैं। उन्होंने कहा नासमझ को समझा सकते हैं, पर समझ वाले को समझाना बहुत कठिन है। हमारा मन बंदर जैसा अत्यंत चंचल है। जैन धर्म का मुख्य आधार त्याग और तप ही है। जिसकी शक्ति नहीं है तो उसे करने का फोर्स नहीं करते हैं। पंथ, संप्रदाय भले ही कितने हो गए, धर्म का मूल सबका एक ही है। जैसे साधु के पांच महाव्रत, साधु घर से बाहर ही रहते हैं, चलने में पैदल चलने का ही प्रावधान है, भिक्षा लेकर ही भोजन करते हैं, केशलोचन अनिवार्य है आदि। बेसिक सिस्टम सब पंथों, संप्रदायों में समान है। पंथ, संप्रदाय के कारण कभी धर्म पर अंगुली नहीं उठानी चाहिए।

# कर्म हमारा पीछा नहीं छोड़ता है : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने शुक्रवार को अपने प्रवचन में बताया कि परमात्मा प्रभु महावीर अपना अंतिम समय मानव समाज के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। पावापुरी में प्रभु महावीर दिव्य देशना बरसा रहे थे किसी के लिए आज का दिन धनतेरस है तो किसी के लिए धन्य तेरस था। हस्तीपाल राजा के लिए धन्य तेरस बन गया जिनकी नगरी इतनी में इतने भवी आत्मा प्रभु महावीर की वाणी उनकी दिव्य देशना श्रवण करने के लिए आए थे। आज के दिन राजा प्रजा सभी नागरिक बैलगाड़ी से आए थे बैलों की घंटी घन-घन बज रही थी। चारों दिशाओं से तीनों गति के जीव आ रहे थे। आज का दिन श्रमण संघ के तृतीय आचार्य देवेंद्र मुनि जी म. सा. का जन्म दिवस है।

देवेंद्र मुनिजी ने 9 साल की उम्र में दीक्षा ले ली और उन्होंने अपने हाथों से 350 साहित्य का लेखन किया। कर्म ग्रंथ आदि जिनका बहुत सुंदर विस्तृत वर्णन किया गया है। प्रभु महावीर समझाते हैं यह आठ कर्म में हमें चारों गति में भटकाते हैं। सब कुछ कर्म के सिद्धांत पर ही चल रहा है। कर्म के साथ रिश्वतखोरी, नहीं चल सकती है। कर्म हमारा पीछा कभी नहीं छोड़ते हैं अगर सात समंदर के उस पार के किनारे पर भी अगर चले गए तो भी कर्म हमारा पीछा करता रहेगा। संसार में हम भाग दौड़ कर रहे हैं पर कर्मों से हम भाग नहीं सकते। जहां भी जाएंगे कर्म हमारा पीछा करता रहेगा। आठ प्रकार के कर्म जो संसार में हमें परिभ्रमण करा रहे हैं। कर्म हंसाता है और कर्म रुलाता भी है। कर्म बंध के समय सावधान रहो और कर्म भोगते समय समाधि में रहो। कर्म जैसा बांधते हैं वैसा ही भोगना पड़ता है। यह कर्म बड़ा बलवान है। कर्म किसी के साथ अन्याय नहीं करता जो जिसने जैसा कर्म बांधा है उसको वैसा ही भोगना पड़ेगा। राजा हो प्रजा या चक्रवर्ती हो किसी को भी कर्म में छोड़ता नहीं है कर्म करते समय कई लोग हंसते हैं और जब भोगने का समय आता है तो रोने लग जाते हैं क्या कर्म किया जब ऐसा सोचा था जब हंस के कर्म करते हो तो अब रोने से क्या फायदा अगर रोओगे तो भी कर्म आप पर दया नहीं करेगा क्योंकि आप ही ने तो पाप का बीज बोया था।

'जैसी करनी वैसी भरनी' यही कर्म सिद्धांत है। आप नमक खाकर अगर आम का मिठास आना चाहते हैं तो कहां से आ सकता है। इसलिए जो भी कार्य करो भविष्य को ध्यान में रखकर करो। आज कल के भविष्य बिगाड़ देगा। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।




# विश्व मधुमेह दिवस पर नि:शुल्क मधुमेह जांच की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी की इकाई कोडमबक्कम स्थित सुवादेवी झुमरमल नाहर मधुमेह व डायलिसिस केंद्र द्वारा नि:शुल्क मधुमेह जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टीनगर स्थित शारदा विद्यालय में विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता के अध्यक्षता में किया गया जिसमें शिक्षकों और कर्मचारियों की नि:शुल्क मधुमेह और रक्तचाप की जांच की गई। डॉ. श्वेता, आहार विशेषज्ञ कृष्णमूर्ति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को मधुमेह के बारे में चिकित्सा आहार और जीवनशैली संबंधी सलाह दी। कार्यक्रम का समन्वय सीनियर एओ ए.तमिलमणि, केंद्र समन्वयक चंद्रा और स्टाफ नर्स शांति द्वारा किया गया।



# आचार्यश्री देवेंद्रमुनि की जयंती पर स्कूल में दिया सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। वर्धमान जैन सेवा संघ कोयंबटूर के तत्वावधान में उपनगर ओराट्टुकुप्पै के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में श्रमण संघीय तृतीय आचार्यश्री देवेन्द्रमुनिजी की जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। संघ के संस्थापक राजेशकुमार गादिया के नेतृत्व में संघ के कार्यकारिणी सदस्य हेमंत भंसाली ने संतश्री के जन्मदिवस पर विशेष परितोषक व पठन पाठन सामग्री वितरित की। इस मौके पर राजेश गादिया ने बताया कि आचार्यश्रक्ष का जन्म कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के धनतेरस के दिन वर्ष 1931 को उदयपुर में हुआ था। उनकी साहित्य, साधना के प्रति अपार रुचि थी और उनमें नेतृत्व का विशेष गुण था जिसे जैन जगत आज भी याद करता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुराधा ने कहा कि गुरु के जन्मदिवस पर छात्र छात्राओं के उत्थान की राह में ये सहयोग बड़ा महत्व वाला है। अध्यापिका नर्मदा ने धन्यवाद दिया।



# अवैध धन जीवन में कभी सुख नहीं दे सकता : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। धन,धर्म की आधार शिला है। शुक्रवार साहुकारपेट जैनभवन में धनतेरस के पावन प्रंसग पर महासती धर्मप्रभा ने कहा कि धन, धर्म की आधारशिला है। लक्ष्मी को प्राप्त करने बाद जीवन में शांति नहीं और शरीर मे सुख नही वो धन किसी भी काम नहीं है। धन के सद्उपयोग से मनुष्य पुण्य का उपार्जन करके जीवन को सफल बना सकता है, लेकिन करता नहीं वह धन का स्वामी नहीं बनकर धन का दास बन गया है।आज हर व्यक्ति की निगाहें पराऐ धन रहती है।जबकि पराया धन, पत्थर के समान होता है। गलत तरीके से कमाया धन जीवन में कभी सुख नहीं दे सकता है जो धन अपने स्तर पर कमाता हैं, वही धन पुरुषार्थ करता है। मनुष्य लेना ही जानता हैं, देना कुछ नहीं चाहता। जिनमें देने के भाव आ गये वो मनुष्य धन के द्वारा धर्म कमा सकता है और अपने अशुभ कर्मो की निर्जरा करके अपनी आत्मा का कल्याण करवा सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभा ने भगवान महावीर स्वामी की अंतिम दिव्य धर्म देशना के 30 वें और 31वें अध्याध्य तवमग्गं एवं चरणविही पाठ का वांचन करते हुए कहा कि उत्तराध्ययन सूत्र को सुनकर मनुष्य भीतर मे उतारले और आचरण में प्रयोग करता है तो उत्ताराध्यय सूत्र की वाणी उसके जीवन की दशा और आत्मा को मुक्ति दिलवा देगी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.